सूर्योदय 5:55 सूर्यास्त 6:44
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 31.0
न्यूनतम 24.2

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-238 | रविवार 29 अगस्त, 2021 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-सप्तमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

जब तक शिक्षा का मकसद नौकरी पाना होगा, तब तक समाज में नौकर ही पैदा होंगे, मालिक नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

मुख़्तार अन्सारी के बड़े भाई सपा में शामिल : लखनऊ



अखिलेश यादव के हाथ मज़बूत हो रहे हैं...

# हैवानों के हौसले बुलंद, नर्सिंग होम में ही बलात्कार का प्रयास

## ❑रात को डेढ़ बजे दरवाजा खटखटाकर नर्सिंग होम के कमरे में किया प्रवेश, चटकनी लगाकर कपड़े उतारने का प्रयास

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बु.)। योगी सरकार में भी गैर समुदाय के युवकों के हौसले कम नहीं हुए हैं। इसी का एक उदाहरण सरकुलर रोड स्थित एक बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश के नर्सिंग होम में घटित हुआ। घटना इतनी शर्मनाक है कि जिसका वर्णन करना भी मुश्किल है। महिला का नाम उक्त घटनाक्रम में नहीं बताया जा रहा है, बस इतना बताते चलें कि हिन्दू समाज की एक महिला अपने मासूम बच्चे को उक्त नर्सिंग होम में एडमिट कराए हुए थी। उक्त महिला पर चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दधेडू के रहने वाले नर्सिंग होम में कार्यरत शौकीन त्यागी की बुरी नजरें पहले से ही थी, मगर अपने बच्चे का उपचार कराने के उद्देश्य से नर्सिंग होम में रहना जरूरी था। शुक्रवार की रात रात्रि डेढ़ बजे अचानक ही बच्चे को देखने के बहाने शौकीन ने नर्सिंग होम के रूम में प्रवेश किया और प्रवेश करते ही दरवाजा बंद कर चटकनी लगा दी। इस पर महिला समझ गयी कि आज उसके साथ जरूर कोई हादसा होकर रहेगा मगर महिला ने दमदारी दिखाते हुए शौकीन को पीछे धकेल दिया। इस पर भी शौकीन नहीं माना और उसने महिला के कपड़े उतारने का प्रयास किया। इस पर महिला ने जब शौकीन को दो–चार तबीयत से चांटे जड़े तो शौकीन महिला से शर्त रखने लगा कि वह उसे इस शर्त पर छोड़ेगा कि कमरे से बाहर निकलने के बाद वह डॉक्टर व नर्सिंग होम में कोई हंगामा खड़ा नहीं करेगी। अपनी आबरू बचाने के लिए महिला ने शौकीन को वादा कर दिया कि वह किसी को कानोकान भी खबर नहीं होने देगी। इस शर्त पर शौकीन ने दरवाजा खोलने दिया। दरवाजा खुलते ही महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया और रात्रि में ही डॉक्टर गिरीश बीचबचाव कराने में जुट गए। मगर दिन निकलते ही इसकी सुगबुगाहट हिन्दू संगठनों को लगी तो दिन निकलते ही हिन्दू संगठनों बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद क्रांति सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी, नगर अध्यक्ष विकास अग्रवाल, विभाग अध्यक्ष ललित माहेश्वरी, जयवीर सिंह, नगर उपाध्यक्ष विक्रान्त खटीक, शुभम कुटबा, युगान्तर पुण्डीर, निकुंज सैनी, शुभम चाहल, हिमांशु आदि दर्जनों की संख्या में इकट्ठा होकर नर्सिंग होम पहुंच गए और डॉक्टर को जमकर खरी–खोटी सुनाई। हिन्दू संगठनों का कहना था कि सस्ती लेबर के चक्कर में तुम यहां हमारी माँ–बहनों को छिड़वाने के लिए ऐसी लेबर को काम पर रखे हुए हो। इस पर डॉक्टर ने खेद व्यक्त किया और पुलिस से साफ कह दिया कि वह ऐसे स्टाफ के पक्ष में ही नहीं है जो ऐसी गिरी हुई हरकत करे। इस पर पुलिस ने शौकीन के खिलाफ तहरीर लिखी और धारा–५०६, ३५४ व ३०७ के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये। देर रात तक पुलिस ने शौकीन के घर पर दबिश डालने का कार्य शुरू कर दिया था। समाचार लिखे जाने तक शौकीन की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी।



गैर समुदाय के युवक द्वारा महिला से बलात्कार के प्रयास के बाद आक्रोशित हिन्दू संगठन के लोग।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला लापता युवक का शव

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। मंसूरपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की जानकारी मिलने पर मौके पर दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक युवक तीन दिनों से लापता चल रहा था। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन देकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया और पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव लच्छेड़ा निवासी नीलू पुत्र रतन पिछले तीन दिनों से लापता चल रहा था। आज उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। आसपास के खेतो मे काम कर रहे ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़े देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराकर मृतक के परिजनों को शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कर शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया।

## कम तनख्वाह पर काम करने को तैयार हो जाते हैं ऐसे हैवान

### ❑आखिर डॉक्टर को क्यों नहीं हो सकी हैवान की पहचान

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बु.)। लाखों रुपये प्रतिदिन कमाने वाले भी सस्ते कर्मचारियों की चाह में ऐसे हैवानों को प्रत्येक प्रतिष्ठान चलाने वाले संचालक अपने संस्थान में भूल से प्रवेश दे बैठते हैं, मगर हैरानी की बात यह है कि पांच–सात साल अपने पास रहने वाले युवक की हैवानियत भी एक डॉक्टर तक नहीं परख सके, तो फिर इतने बड़े–बड़े हॉस्पिटल किस तरह रात में रहने वाले मरीज, खासतौर से महिलाओं को सुरक्षा की गारण्टी दे सकते हैं। आज जो घटना एक नर्सिंग होम में घटी है, वह कल को दूसरे नर्सिंग होम में भी हर हाल में होगी। ऐसे में नर्सिंग होम ही नहीं प्रत्येक प्रतिष्ठान चलाने वाले व्यक्ति को यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि ऐसे हैवान दस हजार वाली नौकरी पांच हजार में भी करने को तैयार हो जाते हैं और बाद में अपना ईमान खत्म करके ऐसी हैवानियत भरी घटनाओं को अंजाम देकर संचालकों की करोड़ों रुपये की इज्जत मामूली दामों में बिकवा देते हैं। अब प्रत्येक प्रतिष्ठान चलाने वाले संचालक को अपने आप देखना होगा कि उन्हें अपने यहां इंसानों को रखना है या फिर कम पैसों में काम करने वाले ऐसे हैवानों को, जो हमारी ही मां–बहनों से छेड़छाड़ ही नहीं, बलात्कार करने तक को तैयार हो जाये। दरअसल हम लोग जैसे स्वयं है, ऐसे ही सामने वाले को समझ बैठते हैं और इसी भूल में ऐसे वहशी जानवर को अपने घरों तक में प्रवेश दे देते हैं, लेकिन बस ठोकर खाकर सम्भलना जरूरी है। आज यदि ऐसा कारनामा किसी दूसरे के साथ हुआ है, तो कल आपकी भी बारी हो सकती है।

# अश्लील वीडियो वायरल होने पर महिला ने की आत्महत्या

### ❑ मां से बच्चे को छीनकर ले गया था पिता, थी परेशान ❑मां ने पुलिस को तहरीर देकर बच्चा वापिस दिलाये जाने की लगाई थी गुहार ❑पति पर लगाया था गाली–गलौच व जान से मारने की धमकी देने का आरोप ❑पुलिस से शिकायत के बाद आरोपियों ने किया था अश्लील वीडियो वायरल ❑शिकायत के एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई कार्यवाही ❑महिला ने कार्यवाही न होने पर दी थी आत्महत्या की चेतावनी ❑पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने के कारण महिला ने जहर का सेवन कर जीवनलीला की समाप्त

मोरना, 28 अगस्त ( बु. )। पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का दंश दूधमुंहे बच्चे को झेलना पड़ रहा है। बच्चे के पिता ने साजिशन बच्चे को उसकी मां से छीन लिया है। बच्चे की मां ने पुलिस को तहरीर देकर पिता पर संगीन आरोप लगाते हुए बच्चे को वापिस दिलाये जाने की मांग की थी। पुलिस ने एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं की थी। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और आरोपियों ने महिला का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद महिला ने कार्यवाही न होने पर आत्महत्या की चेतावनी पुलिस को दी थी। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली, जिसके चलते परिजनों में पुलिस के प्रति भारी रोष है ।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 18 अगस्त को भोपा थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी लगभग चार वर्ष पूर्व थानाक्षेत्र के गाँव अलीपुरा निवासी शहजाद नामक युवक के साथ हुई थी, जिससे उसे एक पुत्र पैदा हुआ। उसके पुत्र की आयु इस समय 18 माह है। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा विवाद के चलते दोनों का करीब 5 माह पहले तलाक हो गया था। तलाक के बाद बच्चा अपनी माँ के पास रह रहा था। दोनों अलग-अलग रहने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि दोनों के बीच विवाद बढ़ जाने के कारण उसके पति ने इसके पुत्र को साजिशन अपने पास रख लिया, जिसका उसे आभास नहीं हुआ। पीड़िता अपने पति से अलग रह रही है और अपने पुत्र को अपने पति के पास से अपने पास लाना चाहती है, परंतु उसका पति पुत्र को देने से मना कर रहा था। आरोप है कि जब उसने अपने पति से बच्चे की मांग की थी, तो उसने उसके साथ अभद्रता कर गाली गलौच की थी। महिला ने बताया था कि उसका पुत्र अभी छोटा है, जिसके लालन-पोषण के लिए मां की जरूरत है। पीड़िता ने यह बात अपने रिश्तेदारों को बताई, जिस पर रिश्तेदारों ने भी उसके पति को पुत्र को वापस देने के लिए कहा, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। आरोप है कि उसका पति दबंगता दिखाते हुए बच्चे को वापस न करने की धमकी दे रहा है। महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति ने उसके पुत्र को अगुवा कर रखा है, जिस पर महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई थी शिकायत को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं थी, जिसके बाद आरोपियों ने महिला का एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिसके चलते महिला को शर्मिन्दगी उठानी पड़ रही थी कि शनिवार की दोपहर महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। महिला के आत्महत्या के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है ।

**इन्होंने कहा**

थाना प्रभारी भोपा ने बताया कि पीड़िता द्वारा उसके 18 माह के पुत्र को पति द्वारा छीनने की शिकायत मिली थी, जिसकी जांच की जा रही है महिला का एक अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसकी जानकारी साइबर सेल के पास भेज दी गयी थी। सूचना मिली है कि महिला ने शनिवार को आत्महत्या कर ली है। जांच की जा रही है जांच के बाद सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**दीपक चतुर्वेदी**



मृतक महिला



## महिला सशक्तिकरण के दावे फेल, महिला ने की आत्महत्या

मोरना, 28 अगस्त ( बु. )। प्रशासन के आदेशानुसार प्रदेश में महिला सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन 3 ग्राम पंचायतों में बैठक कर महिलाओं को उनके अधिकारों व किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के संबंध में जानकारी की जा रही है, वहीं भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का सोशल मीडिया पर उसकी अश्लील वीडियो वायरल होने के कारण समाज में बदनामी के चलते आत्महत्या कर ली, जो महिला सशक्तिकरण के दावों पर प्रश्न चिह्न लगाने के लिए काफी है।

जिला चिकित्सालय पहुंचे मृतक महिला के परिजन। फोटो बुलेटिन

## मेरठ में दिनदहाड़े पार्षद की गोली मार कर हत्या

मेरठ, 28 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश के मेरठ में शनिवार को दिनदहाड़े नगर निगम के पार्षद और एआईएमआईएम नेता जुबैर अंसारी की कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वार्ड 80 के पार्षद जुबैर अपने एक साथी सदाकत खान के साथ करीब साढ़े दस बजे हापुड़ रोड स्थित संतोष अस्पताल के पास अपने मकान ने निकले थे। बताया गया है कि अपनी स्कॉर्पियो कार में बैठने से पहले ही पल्सर मोटर साइकिल पर सवार कुछ अज्ञात हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं जिससे लहुलुहान होकर वह गिर पड़े। मौके पर जमा लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमलावरों की तलाश में काम्बिंग और सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस अधीक्षक नगर विनीत भटनागर ने बताया कि मृतक जुबैर के पास से देहरादून में स्थित प्रॉपर्टी के दस्तावेज बरामद हुए हैं जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हत्या संभवत: प्रॉपर्टी विवाद में की गई है। उन्होंने बताया कि हत्यारों की तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द पकड़ लिया जायेगा।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम व रेलवे प्लेटफॉर्म पहुंचे यात्रीगण।

# यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के होंगे प्रयासः डीआरएम

### ❑दिसम्बर में मुजफ्फरनगर को मिलेगी नए स्टेशन की सौगात ❑डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, जाना सच

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के नवनियुक्त डिप्टी रेल प्रबंधक ने गाजियाबाद रेलवे सेक्शन का निरीक्षण करते हुए मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पहुंच टीम के साथ स्टेशन परिसर में हो रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर बनाये जा रहे नये स्टेशन भवन के निर्माण कार्य व उसकी प्रगति की जानकारी लेते हुए अधीनस्थों को गुणवत्तापरक कार्य कराए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह में मुजफ्फरनगर के लोगों को नए रेलवे स्टेशन भवन की सौगात नए रूप में मिल जाएगी। उन्होंने दावा किया कि इसके साथ ही यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

शनिवार दोपहर को स्पेशल ट्रेन से उत्तर रेलवे दिल्ली डिवीजन के डीआरएम डिम्पी गर्ग लाव लश्कर के साथ मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां पर स्टेशन अधीक्षक विपिन त्यागी के साथ स्थानीय अधिकारियों ने डीआरएम और उनकी टीम का स्वागत किया। डीआरएम डिम्पी गर्ग ने स्टेशन परिसर का भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया और यहां पर उन्होंने यात्रियों के लिए जन सुविधाओं, साफ-सफाई व अन्य प्रबंध का परखने का काम किया। उन्होंने नव निर्मित हो रहे भवन का निरीक्षण किया और कार्य करा रहे इंजीनियरों से निर्माण कार्य की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद में डीआरएम डिम्पी गर्ग ने बताया कि उन्होंने 15 दिन पूर्व ही उत्तर रेलवे दिल्ली डिवीजन के डीआरएम पद पर कार्यभार संभाला है। इसके बाद वें गाजियाबाद सेक्शन के तमाम स्टेशनों का निरीक्षण करने के लिए रूटीन निरीक्षण पर निकले हैं, मात्र सेक्शन पर यात्रियों की समस्याओं को जानने, व्यवस्था को परखने का काम किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के नये भवन के निर्माण को लेकर डीआरएम ने बताया कि इसके निर्माण का कार्य नवम्बर माह के अंत तक पूर्ण होने के बाद दिसम्बर माह में यह निर्माण कार्य पूरी तरह से सम्पन्न हो जायेगा। दिसम्बर माह में केन्द्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद डॉ. संजीव बालियान द्वारा इस नये रेलवे स्टेशन का उद्घाटन कर इसको जनता को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस नये भवन के निर्माण के बाद यात्रियों को यहां बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं रेलवे स्टेशन के अधिकारी-कर्मचारियों को भी संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि पैसेंजर या दूसरी ट्रेनों के संचालन में अभी और समय लग सकता है। दैनिक यात्रियों की सुविधा के लिए एमएसटी जारी नहीं होने पर डीआरएम ने बताया कि दिल्ली रेलवे मंडल की ओर से हैड क्वार्टर को एमएसटी की व्यवस्था बहाल कराने के लिए प्रस्ताव भेजा है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में एमएसटी बहाल करने के लिए हैड क्वार्टर से स्वीकृति मिल जायेगी। उन्होंने रेलवे स्टेशन को हरा भरा रखने के लिए पैड़-पौधे लगाने पर भी जोर दिया। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। करीब एक घंटे के निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने लोको पायलट के रूम, इलेक्ट्रिकल रूम, वेटिंग रूम, पार्किंग, टिकट विंडो परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद सेक्शन में उनका यह पहला दौरा है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं व समस्याओं को देखा जा रहा है और उनका पूरा प्रयास होगा कि सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। हमारी पहली प्राथमिकता यात्रियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी रेलवे की है। इस बीच उनके साथ मुख्य रूप से दिल्ली डिवीजन के सीनियर डीओएम रजनीश कुमार, सीनियर डीसीएम प्रवीण कुमार व सन्दीप गहलौत के साथ रेलवे स्टेशन अधीक्षक विपिन कुमार त्यागी, भाजपा नेता सुनील सिंघल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**बिक्री हेतू**

**दो नग लोडर ड्राईवर केबिन सहित, टैरेक्स मेक एवं मॉडल वर्ष 2017/2018,**

"जहां है, जैसा है" के आधार पर बिक्री हेतु उपलब्ध है।

इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर सम्पर्क करें:-

**मारूति पेपर्स लि.,**

ग्राम - सिक्का, शामली

मोबाइल - 9368069344

## मुख्तार का भाई सपा में शामिल

लखनऊ, 28 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को कानून व्यवस्था और महिला अपराध के मुद्दे पर आये दिन घेरने वाले समाजवादी पार्टी ( सपा ) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जेल में बंद माफिया डान मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह अंसारी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को श्री यादव की मौजूदगी में सिबगतुल्लाह अंसारी ने अपने पुत्र मुन्नू अंसारी के साथ सपा की सदस्यता हासिल की। इसके अलावा सपा को छोड़ कर बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) का दामन थामने वाले पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी भी अपने घर लौट आये। गाजीपुर जिले की मुहम्मदाबाद विधानसभा सीट का दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके सिबगतुल्लाह अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचे थे। गौरतलब है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने मुहम्मदाबाद सीट से सिबगतुल्लाह को मौका दिया था लेकिन उन्हे भाजपा प्रत्याशी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## बिना बेहोश किए मरीज के दिमाग का सफल ऑपरेशन : डॉ जनक राज

शिमला, 28 अगस्त ( वार्ता ) हिमाचल प्रदेश के इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज अस्पताल में न्यूरो सर्जरी विभाग ने मरीज का बेहोश किये बिना आपरेशन किया है। मरीज के दिमाग के बाएँ हिस्से में एक ट्यूमर था। आपरेशन की जटिलताओं की वजह से मरीज के दाएँ पैर और बाजू तथा बोलने की क्षमता प्रभावित हो सकती थी । इस तकनीक से ऐसा आपरेशन करने में कामयाबी मिली है।

## एमबीए युवक ने सिखवाया इंजीनियर व जूनियर इंजीनियर को जुर्म का मैनेजमेंट

### ❑शौक पूरा करने को बन गए लुटेरे, पुलिस ने 4 लुटेरों को दबोचा

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। मैनेजमेंट डिग्री धारी अपने साथी इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर के साथ मिलकर अपने शौक पूरे करने के लिये लोगों को लूटने लगा। बीती रात उक्त लोगों ने जानसठ रोड बाईपास पर लिफ्ट देने के बहाने एक व्यक्ति से लूटपाट की। सूचना मिलने पर नई मंडी पुलिस ने भागदौड़ करते हुए कथित मुठभेड़ के बाद चार लुटेरों को लूटी गई नकदी व अन्य सामान के अलावा शस्त्र व लूट में प्रयुक्त कार के साथ दबोच लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। एसएचओ नई मंडी अनिल कप्परवान ने बताया कि बीती रात जानसठ फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर चार बदमाशों ने 2 मोबाइल फोन व 40 हजार रुपये लूट लिये। पीड़ित ने नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने भागदौड़ कर चारों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश विपिन तोमर पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम बड़ौदा हिन्दूवान थाना पिलखुवा जनपद हापुड़, जितेन्द्र पुत्र प्रेमपाल निवासी रसूलपुर औरंगाबाद थाना भावनपुर जनपद मेरठ, सचिन चौहान पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम कुराली, थाना जानी, जनपद मेरठ व अभिषेक पुत्र ब्रिजेश कुमार निवासी ग्राम कुराली, थाना जानी, जनपद मेरठ हैं। एसएचओ ने बताया कि अभिषेक ने एमबीए, सचिन ने पॉलेटेक्निक व विपिन ने आईटीआई की हुई है। उक्त लोगों के पास से वैगनार कार, 2 मोबाइल फोन व 36,800 रुपये , 3 तंमचे मय 06 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस बरारमद हुए हैं। एसएचओ ने बताया कि उक्त लोग अपने शौक पूरे करने के लिये लूटपाट करते थे।

## कोविड संबंधी दिशा निर्देश तीस सितम्बर तक लागू रहेंगे

नयी दिल्ली 28 अगस्त ( वार्ता ) केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कोविड महामारी से निपटने तथा इसके प्रबंधन के लिए देश भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत जारी दिशा निर्देशों तथा कोविड उपयुक्त व्यवहार के अनुपालन की अवधि 30 सितम्बर तक बढा दी है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने आज राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा प्रशासकों को अलग-अलग पत्र लिखकर कहा कि कोविड-19 से बचाव तथा रोकथाम के लिए देश भर में पहले से ही लागू केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा निर्देश तथा एहतियाती उपाय अब 30 सितम्बर तक लागू रहेंगे। राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में श्री भल्ला ने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर महामारी की स्थिति कुल मिलाकर स्थिर है लेकिन कुछ राज्यों में संक्रमण अभी भी बढ रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे त्योहारों को देखते हुए भीड़ भाड़ न होने दें और जरूरत पड़ने पर स्थानीय स्तर पर पाबंदी लगायें जिससे भीड़ भाड़ और बड़ी संख्या में लोगों को एकत्र होने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड उपयुक्त व्यवहार को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

# शराब से रोकने पर युवक ने की आत्महत्या

भोपा , 28 अगस्त ( बु. )। परिजनों द्वारा युवक को शराब पीने से रोकने पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में मचा कोहराम। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम वजीराबाद निवासी युवक मिंटू पुत्र वेदपाल उम्र करीब 30 वर्ष 25 अगस्त की शाम को घर से लड़कर चला गया था, जिसको परिजनों द्वारा रिश्तेदारी तथा अन्य जगह तलाश किया गया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार की सुबह गांव के मजदूर दिलावर उर्फ कल्लू के ईख के खेत में मजदूरी पर ईख की बधाई करने गये थे, कि अचानक उनकी नजर आम के पेड़ पर पड़ी, जिस पर युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था, जिसकी सूचना उन्होंने खेत मालिक को दी। पेड़ पर शव लटका होने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई और गाँव में दहशत



फैल गयी, जिसके चलते शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर भारी पुलिसबल को साथ लेकर पहुँचे थाना प्रभारी ने शव के बारे में जानकारी की, तो युवक की शिनाख्त मिंटू पुत्र बेदपाल के रूप में हुई, वहीं मिंटू के पिता बेदपाल ने बताया कि उसका पुत्र जुआ तथा शराब का आदी था, जिस कारण युवक परिजनों के साथ रात- दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता था, जिसके चलते युवक 25 अगस्त की शाम को शराब पीने से मना करने पर घर से लड़कर चला गया था और साथ में अपनी पत्नी का दुपट्टा भी ले गया था। युवक अपने पीछे पत्नी मीनू बेटा लवकुश व लक्की माता सत्तो भाई काला मोनू सतेन्द्र बहन सोनी आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी भोपा दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा जांच की जा रही है।

# उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के नए रेल प्रबंधक डिम्पी गर्ग ने कहा, सरकार की अनुमति के बिना अभी नई ट्रेनों का संचालन सम्भव नहीं

शामली, 28 अगस्त ( बु. )। उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के नए रेल प्रबंधक डिम्पी गर्ग ने कहा है कि दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेलवे लाइन पर अभी अतिरिक्त ट्रेनों को चलाना सम्भव नहीं, जैसे-जैसे भारत सरकार छूट देगी ट्रेनों की संख्या बढ़ायी जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार दिल्ली वाया टपरी से शामली आए डिम्पी गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है, बरसात और कोरोना के कारण इसमें बाधा आयी है, साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले चार-पांच महीने में विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा। शामली से दैनिक यात्रियों के लिए रेलवे की नियमित सेवा शुरू करने के सम्बंध में उन्होंने कहा कि कोरोना का प्रभाव अभी खत्म नहीं हुआ है, ऐसे में भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप ट्रेनों का संचालन हो रहा है। जैसे-जैसे सरकार के आदेश होंगे, ट्रेनों का संचालन बढ़ाया जाएगा। अभी इस रूट पर तीन ट्रेनें संचालित हो रही हैं, अगर इनका समय यात्रियों की सुविधा के अनुरूप नहीं है, तो वे यहां से अपने सुझाव भिजवा दें, उन पर विचार किया जाएगा, लेकिन अभी अतिरिक्त ट्रेनों को चलाना सम्भव नहीं, जैसे-जैसे भारत सरकार छूट देगी ट्रेनों की संख्या बढ़ायी जाएंगी। दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेल लाइन के दोहरीकरण के सम्बंध में उन्होंने कहा कि इस साल इस प्रोजेक्ट पर कोई कार्य होने की संभावना नहीं है। कैथल-करनाल-मेरठ नई रेलवे लाइन प्रोजेक्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसके लिए अभी सर्वे का कार्य चल रहा है, सर्वे के बाद यह तय किया जाएगा कि रेलवे लाइन को किस रास्ते से और कहां-कहां से निकाला जाएगा। शामली से प्रयागराज और माता वैष्णो देवी के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए जब नया सर्वे होगा, तब रेलवे मंत्रालय द्वारा तय किया जाएगा। जिले में दर्जनों रेलवे अंडरपास में बरसात का पानी भरे होने से लोगों को हो रही परेशानी के सम्बंध में उन्होंने कहा कि बरसात में यह समस्या आती है, जिसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इससे पहले डीआरएम डिम्पी गर्ग शनिवार शाम 4.34 बजे टपरी से स्पेशल कोच में शामली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां स्टेशन अधीक्षक इकराम अली, यातायात निरीक्षक सुनील धीमान ने उनका स्वागत किया। उन्होंने स्टेशन पर रेलवे अस्पताल, टिकट बुकिंग कक्ष, वेटिंग रूम, रिजर्वेशन काउंटर आदि का निरीक्षण किया।



छपार थाने का निरीक्षण करते कमिशनर सहारनपुर मंडल।

## पाकिस्तान में सरकारी कर्मचारी नहीं कर सकेंगे सोशल मीडिया का उपयोग

इस्लामाबाद, 28 अगस्त ( वार्ता )। पाकिस्तान ने आधिकारिक सूचनाओं और दस्तावेजों के लीक होने से रोकने के लिए सभी सरकारी कर्मचारियों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किये जाने पर रोक लगा दिया गया है। स्थापना विभाग की ओर से हाल में जारी अधिसूचना के मुताबिक कोई भी सरकारी कर्मचारी सरकार की अनुमति के बिना किसी भी मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग नहीं कर सकेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि निर्देशों का उद्देश्य किसी सरकारी संगठन द्वारा सोशल मीडिया के किसी भी रचनात्मक और सकारात्मक उपयोग को हतोत्साहित करना नहीं, बल्कि आधिकारिक सूचनाओं और दस्तावेजों को लीक होने से रोकना है।

## आधार-पैन/ईपीएफओ को जोड़ने की सुविधा में रुकावट नहीं : यूआईडीएआई

नयी दिल्ली, 28 अगस्त ( वार्ता )। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आज कहा कि उसकी सभी सेवाएं स्थिर हैं और ठीक तरह से काम कर रही हैं। इसकी आधार-पैन/ईपीएफओ को आपस में जोड़ने की सुविधा में कोई रुकावट नहीं आई है। यह एक प्रमाणीकरण-आधारित सुविधा है। यूआईडीएआई ने आधार को पैन/ईपीएफओ से जोड़ने में यूआईडीएआई प्रणाली के ठप होने पर कुछ मीडिया रिपोर्टों का जवाब देते हुए कहा कि इस तरह की रिपोर्ट सही नहीं हैं। यूआईडीएआई ने कहा चूंकि यह पिछले सप्ताह के दौरान चरणबद्ध तरीके से अपनी प्रणाली में एक आवश्यक सुरक्षा अपडेट के दौर से गुजर रहा था, कुछ नामांकन/अपडेट केंद्रों पर केवल नामांकन और मोबाइल अपडेट सेवा सुविधा में कुछ रुकावट की सूचना मिली थी, लेकिन अब यह सेवा अपडेट होने के बाद ठीक तरह से काम कर रही है। यूआईडीएआई ने कहा कि भले ही सिस्टम स्थिर हो गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए इसकी निगरानी की जा रही है कि उपभोक्ताओं को कोई असुविधा न हो। यह ध्यान दिया जा सकता है कि 20 अगस्त 2021 को अपडेट प्रक्रिया की शुरुआत के बाद से पिछले 9 दिनों में 51 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को प्रति दिन औसतन 5.68 लाख नामांकन के साथ नामांकित किया गया है, जबकि प्रमाणीकरण लेनदेन सामान्य रूप से प्रति दिन 5.3 करोड़ से अधिक के औसत पर प्रमाणीकरण हुआ है।

## भाजपा ने किया बूथ सत्यापन का कार्य

खतौली, २८ अगस्त (बु.)। पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार भाजपा नेताओं द्वारा बूथ सत्यापन अभियान के तहत शक्ति केन्द्र संख्या–२ के तीन बूथों पर सत्यापन कार्य किया गया। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा हाईकमान द्वारा नियुक्त सैक्टर प्रभारी मदन छाबड़ा, सैक्टर संयोजक रशित त्यागी तथा बूथ सत्यापन अधिकारी अश्वनी उपाध्याय द्वारा नगर क्षेत्र के बूथ संख्या २८६, २६१ व २६४ के बूथ प्रभारियों सर्वेश प्रजापति मुकेश दत्त शर्मा व विवेक रहेजा के साथ वार्तालाप कर तीनों बूथों से सम्बन्धित भाजपा कार्यकर्ता से बराबर सम्पर्क बनाये रखते हुए आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जाने का आह्वान किया तथा पार्टी हाईकमान द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पार्टी के कार्यक्रमों में निष्ठापूर्वक सहभागिता निभाकर मतदाताओं से सम्पर्क बनाने पर बल दिया।

# पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मी आपसी समन्वय से शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : मण्डलायुक्त

## -थाना छपार में समाधान दिवस पर ६ शिकायतें हुई प्राप्त

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (सूवि)। मण्डलायुक्त लोकेश एम. ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों को त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मी आपसी समन्वय से शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि निस्तारित शिकायतों का रैंडम आधार पर फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि महिला और बेटियों के विरुद्ध अपराधों को गम्भीरता से लें। इनके विरुद्ध अपराध करने वाले अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी खुले में नहीं रहने चाहिए। थाना समाधान दिवस पर कोतवाली छपार में ६ शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से २ का मौके पर ही निस्तारण हो गया। लोकेश एम. आज जिला मुजफ्फरनगर के थाना छपार में थाना सामाधान दिवस के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी थाने में शिकायत दर्ज कराने आने वाले व्यक्तियों से उचित व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने में किसी प्रकार की हीला हवाली न की जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने राजस्व सम्बंधी शिकायतों को ससमय निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। पीड़ित पक्ष को अनावश्यक अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की कोताही बार्दाशत नहीं होगी। मण्डलायुक्त ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का विवरण दर्ज करने के लिए अलग से रजिस्ट्रर बनाया जाए। शिकायतों का निस्तरण की दिनांक तथा शिकायतकर्ता का पता व मोबाइल नम्बर भी अंकित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में फर्जी आंकड़ेबाजी न की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में मण्डल स्तर पर भी जांच की जायेगी। यदि शिकायत निस्तारण में लापरवाही दिखाई दी तो प्रभारी थानाध्यक्ष के विरुद्ध भी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ किसी पुलिसकर्मी की संलप्तिता पाई जाती है, तो ऐसे पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही होगी। लोकेश एम. ने थाना छपार में महिला हैल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि कोविड–१६ प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराया जाए। महिलाओं के उत्पीड़न की हर छोटी से छोटी घटना का गम्भीरता से संज्ञान लिया जाए। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर डीएम चन्द्र भूषण सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय उप जिलाधिकारी दीपक कुमार सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।



## अखिल भारत हिंदू महासभा ने तालिबान के पुतले का दहन किया

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में तालिबान के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कहा कि तालिबान विश्व के लिए खतरा बनता जा रहा है। यदि आज तालिबान को नहीं रोका गया, तो आने वाला समय बहुत ही भयंकर होगा। अफगानिस्तान जैसी घटना हर देश में होगी और हम कुछ नहीं कर पाएंगे। इस वक्त पूरी दुनिया मिलकर अफगानिस्तान का साथ दें और तालिबान को समाप्त करने का संकल्प लें, क्योंकि तालिबान एक नासूर है, जिसका इलाज अनिवार्य है। अखिल भारत हिंदू महासभा केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि देवबंद में स्थित दारू दारुल उलूम मदरसे को तुरंत बंद किया जाए, क्योंकि यह मदरसा आतंकवादी बनाने की फैक्ट्री है। इतिहास उठा कर देखिए, जितने भी बड़े आतंकवादी संगठन के नेता हैं, सभी इसी मदरसे से पढ़ कर गए हैं, तो ऐसे मदरसे को तुरंत बंद कर देना चाहिए। पुतला दहन करने वाले मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री और चौधरी मंडल अध्यक्ष सचिन कपूर जोगी, महिला प्रकोष्ठ की जिला महामंत्री सोना सिंह विधि प्रकोष्ठ के एडवोकेट सुभाष रमन आदि मौजूद रहे।

# डीएस पब्लिक स्कूल ने किया राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर को नमन

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। आज डीएस पब्लिक स्कूल में, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी, हॉकी के जादूगर, पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान, मेजर ध्यानचंद को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके सादर नमन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य संतोष जैन एवं एडमिनिस्ट्रेटर गगन शर्मा सहित विद्यालय में उपस्थित शिक्षक –शिक्षिकाओं ने इस अवसर पर हॉकी के जादूगर एवं महान खिलाड़ी, मेजर ध्यानचंद को उनके जन्मदिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनको नमन किया। हॉकी के जादूगर, मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए हुए प्रधानाचार्या संतोष जैन ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारत ही नहीं अपितु विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में से गिने जाते हैं। हॉकी में उनके अद्भुत एवं अद्वितीय प्रदर्शन से भारत ने तीन बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। १६२८, १६३२ एवं १६३६ में मेजर ध्यानचंद की टीम में उपस्थिति ने भारत को ओलंपिक में हॉकी का स्वर्ण पदक प्रदान करवाया। वह इतनी बढ़िया हॉकी खेलते थे कि प्रतिद्वंदी टीम भी उनके प्रदर्शन की प्रशंसा किए बिना नहीं रह पाती थी। मेजर ध्यानचंद के खेल को लेकर दुनिया भर में अनेकों तरह की कहानियां कही और सुनाई जाती हैं। उनका अद्भुत खेल देखकर लोगों को आशंका हो जाती थी कि कहीं इनकी स्टिक में कोई चुंबक या गोंद आदि तो नहीं है। कहा जाता है कि हालैंड में इनकी हॉकी स्टिक तोड़कर देखी गई कि कहीं उसमें चुंबक तो नहीं है, जबकि बर्लिन में लोगों को आशंका हो गई थी इनकी हॉकी पर गोंद लगा है। जर्मनी का जिद्दी सम्राट एडोल्फ हिटलर तो इनके खेल से इस कदर प्रभावित हुआ कि इन्हें जर्मनी की नागरिकता देकर, जर्मनी की ओर से हॉकी खेलने की पेशकश भी कर दी थी। वियाना में इनको सम्मान देने के लिए इनकी ४ हाथों वाली एक प्रतिमा लगी है, जिसके चारों हाथों में हॉकी स्टिक है, जो इस बात को प्रदर्शित करती है कि मेजर ध्यानचंद एक ही समय में चारों दिशाओं में हॉकी के बेहतरीन शॉट खेल सकते थे। इनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए ही प्रतिवर्ष इनके जन्म दिवस २६ अगस्त को भारत सरकार राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाती है। अभी हाल ही में मेजर ध्यानचंद के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भारत सरकार ने देश के खेल जगत के सबसे बड़े प्रतिष्ठित पुरस्कार, खेल रत्न पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के नाम पर घोषित किया है। राष्ट्र ऐसे महान खिलाड़ी एवं देशभक्त नागरिक का हमेशा ऋणी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या संतोष जैन ने टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के पदक जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए एवं विशेष रुप से भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को भारतीय हॉकी टीम के ओलंपिक में पदक जीतने पर बधाई भी दी।




**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎ (आ.)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के छात्र/छात्राओं का हुआ बहुराष्ट्रीय कम्पनी में प्लेसमेन्ट

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में एमसीए के छात्र/छात्राओं को भारत की विख्यात आईटी इन्फोसिस कम्पनी में विभिन्न पदों पर चयनित होने के उपलक्ष में सम्मानित एवं उत्साहवर्द्धन के लिए कॉलेज सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने छात्र/छात्राओं को इस सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में निरन्तर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया व इसी के साथ बताया कि हमारे यहाँ के एमसीए विभाग के छात्र/छात्राओं मे से ०१ छात्र कार्तिक का चयन विश्व विख्यात इनफोसिस कम्पनी में सीनियर सिस्टम इंजीनियर के पद पर हुआ। सर्वप्रथम कम्पनी ने विद्यार्थियों का ऑनलाइन फार्म भरवाया और उसमें चयनित विद्यार्थियों का एप्टीट्यूट टैस्ट एवं जीडी कराया गया एवं सफल छात्र/छात्राओं का फाइनल इर्न्टव्यू लिया गया। एचआर राउन्ड किलियर करने के पश्चात् ऑफर लेटर दिये गये एवं १५ दिन की ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया। आज विद्यालय के सभागार में चयनित पदोभाषित छात्र को कॉलेज प्राचार्य व शिक्षकगणों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में एमसीए विभाग के प्रवक्ता प्रशान्त तोमर ने बताया कि छात्र कार्तिक की नियुक्ति सीनियर सिस्टम इंजीनियर के पद पर की गयी है, जिसमें कम्पनी के द्वारा चयनित छात्र को ट्रेनिंग के दौरान ५.६० लाख का पैकेज दिया गया, जिससे विभाग के छात्र/छात्राओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है व चयनित पदोभाषित छात्र कार्तिक से अन्य सभी छात्र/छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। कॉलेज के एमसीए विभाग से चयनित छात्र कार्तिक ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि कोरोना के आपातकालीन समय मे भी टेन्शन फ्री वातावरण, ऑनलाईन व उच्च स्तर की शिक्षा के निरन्तर मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत का नतीजा है और हमारे कॉलेज में छात्र/छात्राओं के लिए नियमित अंतराल पर ऑनलाइन वेबिनार, ऑनलाईन वर्कशाप आयोजित किये जाते हैं तथा कोविड–१६ के समयाकाल मे भी कॉलेज द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से पाठ्य अध्ययन व समय–समय ऑनलाईन वेबीनार प्रस्तुत कराये गये, जिसके पश्चात् हमे भविष्य में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य डॉ. आलोक गुप्ता एवं एमसीए विभाग के अनुज कुमार, जितेन्द्र कुमार, अंकुर अग्रवाल, आशीष आहुजा, पारूल कुमार, अजय कुमार, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी, संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक, रवि भार्गव आदि शिक्षकगणों ने चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई व आशीर्वाद दिया।



## समस्याओं के समाधान हेतु डीपीआरओ को प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

चरथावल, २८ अगस्त (बु.)। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पुण्डीर के नेतृत्व में प्रधानों ने विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल सिंह को सौंपते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की। चरथावल ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ने प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पुण्डीर के नेतृत्व में डीपीआरओ अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सामुदायिक शौचालय में रखे गए सफाईकर्मी का वेतन निधि से न काटकर अलग से देने, ग्रामों में उप स्वास्थ्य केंद्र, पानी की टँकी का बिल निधि से न जमा करके सीधे विद्युत विभाग को सरकार दे, टाइड व अनटाइड फंड पर कोई पाबंदी न हो, उसे कही खर्च करने की अनुमति दे। आकस्मिक फंड की सरकार व्यवस्था करे, प्रधान के मोबाइल पर निधि के बैंक खाते का मेसिज भेजा जाए। गांव में जनसख्या के आधार पर सफाईकर्मी रखा जाए, पँचायत घर, बारातघर प्रधान के अधीन होना चाहिए। मनरेगा कार्य की जानकारी प्रधान को होनी चाहिए। गांव में प्रधान व लेखपाल का जनसमस्या सुनने का समय निर्धारित किए जाए, विधवाओं को पेंशन, गरीब परिवार की लड़की की शादी में अनुदान दिया जाए, ५ महीने से लाभार्थियों की वृद्धा पेंशन नहीं आ रही है। वृद्धा पेंशन दिलाई जाए, प्रशासक के टाइम पर गांव के विकास कार्य मे जो पैसा खर्च हुआ, उसका हिसाब प्रधानों को दिया जाए, मृत्यु प्रमाण पत्र समय से बनाए जाए आदि विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, बीडीओ तुलसीराम प्रजापति, एडीओ पंचायत ओम कुमार आदि मौजूद रहे।



# पी.आर. पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। आज शनिवार को पी.आर. पब्लिक स्कूल पचेंडा रोड के विद्यालय प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंघल गीता के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए सभी को बताया की जो हुआ, वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है, जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा। तुम भूत का पश्चाताप न करो। भविष्य की चिन्ता न करो। वर्तमान चल रहा है उसी को बेहतर बनाने के लिए कर्म करो व प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने कृष्ण जन्माष्टमी के पावन महोत्सव पर सभी को शुभकामनाएं दी। कृष्ण जन्माष्टमी के इस पावन महोत्सव पर सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने एक लघु नाटक के माध्यम से श्रीकृष्ण के नटखट बाल लीलाओं का चित्रण प्रस्तुत किया। उसके बाद बच्चों ने अपने नृत्य से सभी का मनमोह लिया। कक्षा में उपस्थित सभी बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकिया व बांसुरी सजाई, जिसमें बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत ही मनमोहक व आकर्षक मटकिया और बांसुरी सजाई। विद्यालय के निदेशक अनघ सिंघल ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आगे भी इसी तरह सभी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मास्टर नमन सिंघल, यश कौशिक, प्रियांश जोशी, रौनक मित्तल, कनिका शर्मा, अक्षरा गर्ग, गीता, साक्षी, अविका गुप्ता व वैष्णवी शर्मा आदि विद्यार्थियों ने अपने नृत्य एवं नाटिका के माध्यम से सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक लव कुमार व प्रज्ञा सिंधी ने किया।

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 29 अगस्त, 2021**

**मेष**-आज रात्रि 11/27 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

**वृषभ**-आज रात्रि 11/27 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि।

**मिथुन**-विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, यात्रा से लाभ, हर्ष।

**कर्क**-आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**सिंह**-आज रात्रि 11/27 बजे तक समय असंतोषजनक, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ।

**कन्या**-आज रात्रि 11/27 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित।

**तुला**-व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**वृश्चिक**-अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौजमस्ती में व्यय।

**धनु**-आज रात्रि 11/27 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

**मकर**-आज रात्रि 11/27 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में गतिरोध, इच्छित योजना अधूरी।

**कुम्भ**-समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ।

**मीन**-विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२



## श्रीसालासर बालाजी धाम की जन्माष्टमी पर होगी अनोखी साज-सज्जा

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। श्री सालासर बालाजी धाम सेवा समिति रजि. मुजफ्फरनगर के कोषाध्यक्ष राजीव बंसल ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महापर्व पर पचेंडा रोड स्थित (एकमात्र धाम जिसमें श्री बालाजी महाराज के ३१ विग्रह स्वरूप अलग–अलग रूपों में एक ही धाम में प्रतिष्ठापित है, जो अन्यत्र कहीं नहीं ) मनोकामना पूर्ण करने वाले श्रीसालासर बालाजी धाम मुजफ्फरनगर को भव्य आकर्षक व मनोहारी रूप से सुसज्जित किया जाएगा। राजीव बंसल ने यह भी बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर मनोकामना पूर्ण श्रीसालासर बालाजी धाम मुजफ्फरनगर में प्रतिष्ठित श्री बालाजी महाराज के सभी विग्रह स्वरूपों को नए चौले व आभूषणों से श्रृंगारित कर समस्त श्री सालासर धाम को आकर्षक लाइटों व फूलों और गुब्बारों से सजाया जा रहा है, जिसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मंदिर समिति सेवादारों द्वारा श्री कृष्ण कन्हैया लाल के पालने को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। साज–सज्जा की सभी तैयारियां में समिति परिवार के अध्यक्ष नीरज बंसल, मंत्री आशुतोष गर्ग, कोषाध्यक्ष राजीव बंसल, हिमांशु गर्ग, बृजमोहन वर्मा, डॉ. कमल गुप्ता, पवन गोयल, विपुल गर्ग, दिनेश कुमार, अजय मित्तल, नितिन तायल व युवा सेवादार तुषार शर्मा, कार्तिक गोयल, वरुण गर्ग, दीपांशु शर्मा, मयूर जैन, अक्षत बंसल, संचित गर्ग, विपिन शर्मा, अभिषेक, राहुल शर्मा, शिवम शर्मा आदि सहित सभी सेवादार अपना योगदान दे रहे हैं।

## जानसठ में रालोद ने किसानों की मांगों के समर्थन में धरना दिया

जानसठ, २८ अगस्त (बु.)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रालोद कि राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमा नागर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत राठी के नेतृत्व में तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की मांगों के समर्थन एवं कमरतोड़ महंगाई रोकने को एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा गया। शनिवार को रालोद के कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने तहसील परिसर में अपनी मांगों के समर्थन में धरना शुरू किया। धरने को संबोधित करते हुए रालोद की राष्ट्रीय सचिव रमा नागर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में चल रही भाजपा की सरकार ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। उन्होंने कहा कमरतोड़ महंगाई के चलते गृहणियों को रसोई चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने की पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व मंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे चौधरी अजीत सिंह ने हमेशा ही किसानों के हितों की लड़ाई को लड़ा है, उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद जयंत चौधरी भी किसानों की लड़ाई को लड़ रहे है। इस दौरान हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष लतेश बिधूड़ी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जैसा नेता किसानों का हमदर्द दूसरा कोई नहीं है, इसलिए सभी किसानों को रालोद के हाथों को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने भाजपा को किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन पार्टी बताया और कहा कि बॉर्डर पर किसान वाजिब मूल्य के लिए लड़ रहा है और सरकार गूंगी बहरी हो चुकी है, जिसे किसानों की आवाज सुनाई नहीं पड़ रही है। पूर्व विधायक मौलाना जमील ने कहा कि लोकदल ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने कभी भी भेदभाव की राजनीति नहीं की है और हमेशा किसान मजदूर का साथ किया है और पैरवी की है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी ब्रजवीर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा ही किसानों का शोषण किया है। उन्होंने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सबको इस भाजपा की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है। धरने पर आसपास के किसान आप अपने ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ पहुंचे और सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## डीएम, एसपी ने सुनी जन शिकायतें

**कांधला, 28 अगस्त ( बु. )। शनिवार को थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम, एसपी ने नगर क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। इस मौके पर राजस्व सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। शासन के आदेश पर आयोजित थाना परिसर में माह के चौथे शनिवार पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर पहुंची डीएम शामली जसजीत कौर व एसपी शामली सुकीर्ति माधव ने थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई की एवं सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों को शिकायत पर निस्तारण किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने सार्वजनिक भूमि के अतिक्रमण सम्बंधी मामलों की जानकारी राजस्व लेखपालों से ली एवं किसी भी अवैध कब्जे की शिकायत पर तुरंत भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी समाधान दिवस में पहुंचे और फरियादियों को हरसंभव समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान एसपी शामली ने थाना प्रभारी को समाधान दिवस के सम्बंध में थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी को प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी रोजंत त्यागी सहित पुलिसकर्मी एवं राजस्व टीम मौजूद रही।**

## ५ सितम्बर की किसान महापंचायत को वाल्मीकि समाज का समर्थन



सिसौली/मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। ५ सितम्बर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संयुक्त किसान महापंचायत को वाल्मीकि समाज का समर्थन भाकियू अध्यक्ष को समर्थन पत्र दिया गया। महापंचायत में वाल्मीकि समाज की अधिक से अधिक भागीदारी की जायेगी। वाल्मीकि क्रान्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गम्भीर के नेतृत्व में आज वाल्मीकि समाज का एक प्रतिनिधि मण्डल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत से मिला और उन्हें वाल्मीकि समाज की और से समर्थन पत्र दिया। महापंचायत में वाल्मीकि समाज की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करने की बात की गई। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने वाल्मीकि समाज का समर्थन करने पर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मण्डल में मनोज सौदाई एडवोकेट, नरेश नंदन वाल्मीकि, सोनू सरवट, सागर सौदाई, राजू प्रधान, सभासद नीरज वाल्मीकि, सुमित, राजा, वाल्मीकि समाज के खाप चौधरी योगेश कुमार वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



# रालोद ने महंगाई को लेकर तहसील में किया प्रदर्शन

खतौली, २८ अगस्त (बु.)। राष्ट्रीय हाईकमान के आह्वान पर रालोद के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा बकाया गन्ना भुगतान की मांग सहित पैट्रोल, डीजल, गैस के मूल्यों में निरंतर हो रही वृद्धि के विरोध में तहसील प्रांगण में जमकर प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रालोद के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ग्रामीण भैसां बुग्गी पर बाईक, खाली गैस सिलेण्डर व पानी के मटके रखकर जुलूस के रूप में तहसील प्रांगण पहुंचे, जहां रालोद द्वारा देश में बढ़ती मंहगाई तीन कृषि बिलों सहित बकाया गन्ना भुगतान आदि को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की आमदनी दुगुनी होने की बात पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में जहां किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं मिल पाया है, वहीं डीजल, पैट्रोल, कृषि सम्बन्धी सामग्री गैस सिलेण्डर के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं, जिसके कारण महंगाई की मार से हर वर्ग संकट के दौर से गुजर रहा है। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार के तीनों कृषि बिलों का विरोध करते हुए कहा कि पूंजीपतियों के दबाव में कृषि बिलों के द्वारा सरकार किसानों को आत्महत्या करने के लिए विवश कर रही है। इस दौरान घटना स्थल पर मौजूद स्त्री, पुरूषों द्वारा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान खाद्य सामग्री सहित खाद्य तेलों के बढ़ते दामों के विरोध को लेकर रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील प्रांगण में पानी में पकौडे बनाने का प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित अपनी मांगों से सम्बन्धित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। तहसील प्रांगण में रालोद के प्रदर्शन को लेकर पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात बना रहा। धरना प्रदर्शन के दौरान रालोद नेता अभिषेक चौधरी, जगदीश आर्य एड, धर्मेन्द्र तोमर, मनोज चौधरी, जितेन्द्र, सहेन्द्र, विशाल, मनोज, संजय, वकील मंसूरी, सचिन आर्य एड., दीपक सिवाच, राहुल तोमर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शारदेन स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी पर्व

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। चिल्ड्रन वर्ड में जनमाष्टमी पर्व को वर्चुअल कक्षा में दिनांक २८ अगस्त को हर्षोलास के साथ मनाया गया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को कृष्ण जन्म से जुड़े तथ्यों के बारे में बताया व उनके नटखट बाल लीला और माखनचोर आदि नामों के पीछे छिपी कहानी के बारे में बताया। साथ ही बच्चों ने यह भी जाना कि कृष्ण भगवान ने धरती से बुराई का अंत किस प्रकार किया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर केजी नर्सरी से लेकर ७–८ जी क्लास तक के बच्चों ने अपनी पिक्चर वीडियो शेयर की। कक्षा५ के बच्चों द्वारा सुन्दर और भावपूर्ण गीत गाये गए और भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। ६जी क्लास के बच्चों ने कृष्ण के मनभावन चित्र बनाये और क्राफ्ट वर्क किया। साथ ही बच्चों ने दही हांडी के सुन्दर चित्र बनाकर कार्यक्रम का जूम क्लासेस पर लुत्फ उठाया। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजीके आरजू, सांची, आरना, इब्राहिम, रूद्र, कनिका और ग्रंथ आदि बच्चे कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापिकाओं का योगदान रहा। प्रधानाचार्या धारा रतन ने सभी को कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं व्यक्त की।

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# बाइडन से नाराज़गी

हवाई अड्डे पर धमाके के बाद मारे गए अमेरिकी सैनिकों के परिजन बाइडन से नाराज़ हैं। अमेरिका में बाइडन का विरोध भी हो रहा है। दूसरी तरफ़ इसराइल के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन की मुलाक़ात भी हुई। हालांकि यह मुलाक़ात ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर थी लेकिन अफ़ग़ानिस्तान में तालिबानी क़ब्ज़े के बाद इस मुलाक़ात में तालिबान की चर्चा भी रही। अफ़ग़ानिस्तान में अशांति है। बाइडन ने धमाके के ज़िम्मेदारों को धमकी भी दी है। वॉशिंगटन में नए अमेरिकी राष्ट्रपति और नए इसराइली प्रधानमंत्री बेनेट के बीच पहली मुलाक़ात हुई। बेनेट ने राष्ट्रपति बाइडन के बयान की प्रशंसा की और कहा कि इसराइल कभी भी ईरान को परमाणु हथियार नहीं हासिल करने देगा। काबुल एयरपोर्ट पर अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर किए गए घातक हमले की वजह से बेनेट और बाइडन की मुलाक़ात 24 घंटों के लिए टल गई थी। बेनेट इस साल जून ही में इसराइल के प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम उनके एजेंडे के शीर्ष पर रहेगा। ट्रंप के कार्यकाल में यरूशलम को इसराइली राजधानी के रूप में मान्यता मिली थी। इसे इसराइल की एक बड़ी कूटनीतिक जीत और अमेरिका से मिली बड़ी राहत के तौर पर देखा गया था। अब बाइडन ने भी बेनेट को दोस्त कहा है, जिससे ये संदेश देने की कोशिश की गई है कि दोनों देशों के बीच रिश्ते और भाईचारा मज़बूत बना रहेगा। बाइडन ने ये भी कहा है कि अमेरिका इसराइल के आईरन डोम मिसाइल सिस्टम का समर्थन करता रहेगा। बाइडन ने कहा कि अमेरिका इसराइल की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। हालांकिए दोनों के बीच मतभेद तब नज़र आए जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हम इसराइलियों और फ़लस्तीनियों के बीच शांति- सुरक्षा और सद्भावना बढ़ाने को लेकर भी चर्चा करने जा रहे हैं। बेनेट ने अपने बयान की शुरुआत से पहले काबुल में मारे गए अमेरिकी जवानों को श्रद्धांजली देते हुए कहा कि मैं यरूशलम से सद्भावना का एक नया साहस लेकर आया हूँ। दोनों नेताओं की मुलाक़ात अपनी जगह है, लेकिन अमेरिका में बाइडन का विरोध हो रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में शीर्ष रिपब्लिकन नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की कड़ी निंदा की है। अफ़ग़ानिस्तान में काबुल एयरपोर्ट के बाहर धमाके में 13 अमेरिकी सैनिकों के मारे जाने के बाद रिपब्लिकन नेता केविन मैकार्थी ने डेमोक्रेटिक स्पीकर नैंसी पलोसी से पूछे बग़ैर सदन के सदस्यों को अगस्त की छुट्टियों के बीच में ही क़ानून बनाने पर विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इसके ज़रिए अमेरिका को अफ़ग़ानिस्तान में तब तक रुकना होगा, जब तक कि सभी अमेरिकी नागरिक वहाँ से बाहर नहीं आ जाते। मैकार्थी ने एक न्यूज़ कॉन्फ्रेंस में कहाएये वो नेतृत्व नहीं था, जिसका राष्ट्रपति ने वादा किया था। यह कमज़ोरी और अयोग्यता की तस्वीर है। कमांडर इन चीफ़ होने के नाते आपको अमेरिकी जनता का विश्वास, आस्था और साहस चाहिए होता है, जो कि तीनों राष्ट्रपति बाइडन ने खो दिये। अफ़ग़ानिस्तान में 13 अमेरिकी सैनिकों के मारे जाने के बाद मैकार्थी ने यह बातें कहीं हैं, वहीं बाइडन कह चुके हैं कि अमेरिका और उसके सहयोगी बल 31 अगस्त को अफ़ग़ानिस्तान से निकल जाएंगे। बाइडन से पहले रिपब्लिकन राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रम्प ने तालिबान से अमेरिकी सेनाओं की अफ़ग़ानिस्तान से वापसी को लेकर बातचीत की थी। बाइडन के इस्तीफ़े, महाभियोग और अन्य मांगों को कई कंज़र्वेटिव नेताओं ने नज़र अंदाज़ किया है। इस्तीफ़ेकी मांग पर मैकार्थी से उनकी सहमति के संबंध में पूछे जाने वाले सवाल को उन्होंने नज़र अंदाज़ कर दिया। उन्होंने कहा कि हिसाब-किताब एक दिन होगा। जिस दिन हम सबको अफ़ग़ानिस्तान से बाहर ले आएंगे, उसके बाद हम अगले दिन से सवाल और जवाब करेंगे कि इन ग़लतियों के लिए कौन ठीक-ठीक ज़िम्मेदार है। तालिबान ने अमेरिका को 31 अगस्त की डेडलाइन के बाद अफ़ग़ानिस्तान में अपनी कूटनीतिक उपस्थिति बनाए रखने के लिए कहा है। अमेरिकी सैनिकों की अफ़ग़ानिस्तान से वापसी के मुद्दे पर तालिबान ने पहले ही 31 अगस्त की डेडलाइन दे रखी है और अमेरिका ने भी कहा है कि वे इस तारीख़ तक अपने सैनिक वापस बुला लेंगे। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, अमेरिका इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। अगर अमेरिका अफ़ग़ानिस्तान में रुकने का फ़ैसला करता है, तो काबुल स्थित अमेरिकी दूतावास अपना काम शुरू कर सकेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने 15 अगस्त को बताया था कि दूतावास के स्टाफ़को काबुल एयरपोर्ट पर शिफ्ट किया गया है। माना जा रहा है कि तालिबान की तरफ़ से ये प्रस्ताव विश्व समुदाय से मान्यता हासिल करने की कोशिशों का हिस्सा है। रिपोर्टें हैं कि अमेरिका काबुल एयरपोर्ट के प्रबंधन को लेकर बातचीत कर रहा है। इसमें तुर्की, तालिबान और प्राइवेट सेक्टर की भूमिका हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने काबुल एयरपोर्ट पर मारे गए सैनिकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं, लेकिन जैसे उनके परिजनों को इसकी जानकारी दी गई, उनके बारे में और जानकारियां सामने आने लगीं। ख़ुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले चरमपंथी संगठन 'इस्लामिक स्टेट्स' ने इन हमलों की ज़िम्मेदारी लेने का दावा किया है। एयरपोर्ट पर मारे गए सैनिकों के परिजनों का कहना है कि वे नाराज़ हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने जिस तरह से हालात को हैंडल किया है, उससे हम वाक़ई निराश हैं और उससे भी ज़्यादा इस बात से कि मिलिट्री ने जिस तरह से इसे हैंडल किया है। ग्राउंड पर मौजूद कमांडरों को इस ख़तरे के बारे में पता होना चाहिए था और बचाव में क़दम उठाए जाने चाहिए थे। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि अमेरिका ने पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में इस्लामिक स्टेट समूह के ख़िलाफ़ एक ड्रोन हमला किया है, जिसमें समूह का एक सदस्य मारा गया है। इस अभियान में नांगाहार प्रांत में इस्लामिक स्टेट ख़ुरासान समूह के 'साज़िशकर्ता' को निशाना बनाया गया था। अमेरिका का कहना है कि 'शुरुआती संकेत' बताते हैं कि इस हमले में आईएस के जिस सदस्य को निशाना बनाया गया था, वो मारा गया है और किसी आम नागरिक की मौत नहीं हुई। कुल मिलाकर अफ़ग़ानिस्तान के मामले में बाइडन, अमेरिकी जनता की आलोचना का सामना कर रहे हैं।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'जेबकतरे' 'राजनीति' 'हिफ़ाज़त' 'माफ़िया'
जेबकतरे राजनीति में भला जाते हैं क्यों?
जेबकतरों को सियासत में हिफ़ाज़त चाहिए।
राजनैतिक पार्टी में माफ़िया जाते हैं क्यों?
माफियाओं को सियासत में हिफ़ाज़त चाहिए।

## टीकाकरण में महाराष्ट्र, दिल्ली, आंध्र प्रदेश से आगे निकला यूपी

लखनऊ, 28 अगस्त ( वार्ता )। उत्तर प्रदेश ने कोरोना टीकाकरण में दूसरे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए अपने नाम एक नया रिकार्ड हासिल किया है। महाराष्ट्र, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, वेस्ट बंगाल समेत दूसरे कई राज्यों से आगे निकल सात करोड़ से अधिक टीकाकरण की डोज दी हैं। यह आंकड़ा देश के दूसरे प्रदेशों से कहीं अधिक है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यूपी टीकाकरण के साथ ही सर्वाधिक जांच करने वाला प्रदेश है। ट्रिपल टी की रणनीति व टीकाकरण से यूपी में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर नियंत्रण में हैं। प्रदेश में वैक्सीन की पहली खुराक 5 करोड़ 90 लाख से अधिक और वैक्सीन की दूसरी डोज 1 करोड़ 11 लाख से अधिक को दी जा चुकी है। मेगा वैक्सिनेशन ड्राइव के तहत यूपी में एक दिन में 30 लाख से अधिक डोज दी गई, जिसमें एक दिन में सर्वाधिक टीकाकरण कर यूपी देश के दूसरे प्रदेशों के समक्ष नज़ीर पेश की। उन्होंने बताया कि 24 करोड़ के आबादी वाले उत्तर प्रदेश से देश के दूसरे प्रदेश टीकाकरण में कहीं पीछे हैं। वेस्ट बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली समेत अन्य प्रदेशों में जहां काम आबादी होने के बावजूद टीकाकरण धीमी गति से चल रहा, वहीं यूपी लगातार रिकॉर्ड बना रहा है। वेस्ट बंगाल में अब तक 3,88,18,895, केरल में 2,78,63,770, महाराष्ट्र में 5,66,99,572, दिल्ली में 1,31,49,889 और तमिलनाडु 3,10,20,485 ही वैक्सिनेशन किया गया है। यूपी में टीकाकरण अभियान को गति देते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में युद्धस्तर पर टीकाकरण किया जा रहा है। तीन अगस्त को यूपी ने पांच करोड़ टीकाकरण कर एक कीर्तिमान बनाया था, वहीं यूपी ने सात करोड़ टीकाकरण कर अपने निर्धारित टीकाकरण लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मिशन जून के तहत प्रदेश सरकार ने एक करोड़ लोगों को वैक्सीन की डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन प्रदेश में इससे कहीं अधिक एक करोड़ 29 हजार टीके की डोज दी गई।

### धार्मिक वस्त्र पर मुर्गा काटे जाने पर हिन्दू जागरण मंच ने ककरौली थाने पर किया प्रदर्शन

भोपा , 28 अगस्त ( बु. )। गांव खुजेड़ा में धार्मिक वस्त्र पर मुर्गा काटे जाने पर हिन्दू जागरण मंच ने ककरौली थाने पर प्रदर्शन करते हुए आरोपी की विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की, वहीं पुलिस इस मामले को लेकर कार्यवाही में जुट गई है। ककरौली थाने के गाँव खजेड़ा में मीट की दुकान पर हिन्दू आस्था के प्रतीक वस्त्र पर मुर्गा काटे जाने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर हिन्दू जागरण मंच जिला अध्यक्ष अंकुर राणा, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, धर्म जागरण जिला संयोजक हरेंद्र, रंजीत शर्मा, कमलदीप आदि ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ ककरौली थाने पर हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर आरोपी मीट संचालक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की। ककरौली थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि आरोपी मीट की दुकान को बंद करा दिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश रही है। आला अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है।



जिला बार संघ में प्रेसवार्ता करते अधिवक्तागण।

# रामपुर तिराहा कांड में पीड़ितों को न्याय दिलाने की कवायद तेज

### -अधिवक्ताओं के पैनल ने इस दिशा में शुरू की पहल -बीते 27 वर्षों से न्याय की आस में भटक रहे पीड़ित परिवार

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। करीब 3 दशक पूर्व हुए रामपुर तिराहा कांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने की खातिर एक बार फिर से मुहिम तेज करने का निर्णय लिया गया है। रामपुर तिराहा गोलीकांड के पीड़ितों की ओर से मुख्य आरोपी रहे पूर्व आईएएस एके सिंह के खिलाफ मजबूत लड़ाई की अगवाई कर रहे हाईकोर्ट नैनीताल के वरिष्ठ अधिवक्ता रमन शाह ने जनपद में चल रहे केसों की मजबूत पैरवी को जिला बार संघ से भी सहयोग मांगा है और यहां मुकदमों की प्रभावी पैरवी के लिए उनके द्वारा दो अधिवक्ताओं को कन्वीनर मनोनीत किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जंग को न्याय तक पहुंचाने का काम होगा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान अधिवक्ता रमन शाह ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन में कलंक के रूप में देखे जाने वाले रामपुर तिराहा गोलीकांड को अक्टूबर 2021 में 27 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इतने लंबे समय के बाद पीड़ितों के लिए इंसाफ की लड़ाई अधूरी ही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी तत्कालीन डीएम मुजफ्फरनगर अनंत कुमार सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने का कारण उनके प्रशासनिक व्यवस्था में वरिष्ठ पदों पर बने रहना रहा। पीड़ित परिवारों के बच्चों को झूठे मामलों में फंसाने के भय के कारण आंदोलन में जुटे लोग खामोश रहे, लेकिन अब वह रिटायर्ड हो चुके हैं तो उनके खिलाफ मजबूत कानूनी लड़ाई लड़ने को पीड़ितों के साथ कानूनी विशेषज्ञ भी खड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि 1995 में अनंत कुमार सिंह के खिलाफ केस चलाने के लिए राज्यपाल द्वारा सेक्शन 197 में अनुमति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने मामले में 12 केसों में चार्जशीट विशेष अदालत में दाखिल की है। इनमें से कई केस गैंगरेप और महिलाओं के शोषण से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि रामपुर गोलीकांड के चश्मदीद गवाह सुभाष गिरी का 1997 में कत्ल कर दिया, जिसमें गाजियाबाद रेलवे पुलिस थाने में दर्ज केस में भी एफआर लग चुकी है। ऐसे मामलों में हम पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में रामपुर तिराहा कांड के मुकदमों में प्रभावी व मजबूत पैरवी को जिला बार संघ का सहयोग मांगने के लिए यहां आये हैं। बार संघ ने सकारात्मक सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है। इसके लिए हमने यहां पर अनुराग वर्मा व रजनीश चौहान एडवोकेट को कन्वीनर नियुक्त किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवत सिंह नेगी, प्रभाकर जोशी व रजनीश चौहान एडवोकेट नैनीताल हाईकोर्ट, महावीर प्रसाद शर्मा के अलावा जिला बार संघ अध्यक्ष कलीराम, महासचिव अरूण कुमार शर्मा, आमोद त्यागी, पंकज गौतम, अनुराग वर्मा समेत अन्य कई अधिवक्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व शनिवार को उत्तराखंड से यहां पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता रमन शाह और उनकी टीम का कचहरी स्थित फैंथम हाल में जिला बार संघ के अध्यक्ष कलीराम और महासचिव अरूण कुमार शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इससे पूर्व वह रामपुर तिराहा पर शहीद स्मारक पर पहुंचे, जहां पर महावीर प्रसाद शर्मा और ग्रामीणों ने उनका स्वागत भी किया। इस बीच उन्होंने शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी में जुटे श्रद्धालु और व्यापारी

### ❑मुख्य बाजारों से गलियों तक सजे वस्त्रों के स्टॉल ❑सोमवार 30 अगस्त को होगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। देशभर के साथ जनपद में सोमवार 30 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम एवं परंपरागत श्रद्धा के साथ में मनाया जाएगा। कोरोना महामारी के चलते बीते करीब डेढ़ वर्ष से प्रभावित जनपद हालांकि अब कोरोनामुक्त हो चुका है, लेकिन अभी तक शासन की जारी गाइड लाइंस के बीच मंदिरों में सोशल डिस्टेंस के साथ देव प्रतिमाओं व सजी हुए झांकियों के दर्शन हो सकेंगे, जिसकी बीते कई दिनों से जारी तैयारियां शनिवार को अंतिम दौर में दिखाई दी। इस बीच नगरीय क्षेत्र में बाजारों से गली-मौहल्लों तक हर ओर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां जोरो पर जारी हैं। इन तैयारियों के बीच जहां एक ओर मंदिरों में आकर्षक सजावट का काम चल रहा है। ऐसे में त्यौहार के दिन में इन मंदिरों को फूलों और झालरों से सजाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर अधिकांश मुख्य बाजारों से गली-मौहल्लों में लड्डू गोपाल की पोशाक के साथ ही बच्चों की ड्रेस व झांकी के लिए सजावटी सामानों की बिक्री के लिए तमाम तरह के स्टॉल सजे हैं।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुरू तैयारियों के बीच नई मंडी स्थित श्रीगणपति धाम-खाटू श्याम मंदिर, बालाजी मंदिर, संकीर्तन भवन, गांधी कालोनी में स्थित श्रीगोलोकधाम मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुभाषनगर में स्थित श्री शिव-शक्ति शनि मंदिर समेत नदी रोड स्थित आत्मबोध मंदिर, हृदय स्थल शिवचौक, एसडी कॉलेज मार्किट, रुडकी रोड स्थित श्री राधा कृष्ण कुष्ठ आश्रम समेत नगर के अधिकांश अन्य मंदिरों में झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वहीं दूसरी ओर नगर में त्यौहार के नजदीक आने पर मुख्य बाजारों से गली-मौहल्लों में भी लड्डू गोपाल, पालने और भगवान की ड्रेस खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने से रौनक बढ़ने लगी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व नजदीक आने पर बाजार में त्यौहारी खरीददारी निकलने से ग्राहकों की भीड़ दिखाई देने लगी है। जन्माष्टमी पर घरों में श्री कृष्ण के बाल रूप लड्डू गोपाल की विशेष पूजा होती है, ऐसे में तमाम श्रद्धालु इस बीच में अपने लड्डू गोपाल को आकर्षक वस्त्र पहनाकर उन्हें भव्य रूप से सजाते हैं। वहीं लड्डू गोपाल का पालना भी सजाने की परंपरा पुरानी है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सनातन धर्म से जुड़े श्रद्धालु व्रत रखकर आधी रात में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को मनाकर व्रत का पारण करते हैं। विद्वानों की माने तो इस बार जन्माष्टमी एक ही दिन 30 अगस्त यानि सोमवार को है। ऐसे में नगर के मंदिरों में आकर्षक सजावट की जा रही है। कई दिनों से मंदिरों को सजाने की तैयारी हो रही है। नगर में कई बड़े मंदिर ऐसे भी हैं जहां पर हजारों श्रद्धालु झांकियां देखने को देर रात्रि तक मंदिरों में उमड़ते हैं। हालांकि देशभर में जारी कोरोना महामारी के बीच में दो वर्षों बाद कोरोना की छाया से निकलकर जन्माष्टमी पर्व को मनाने की तैयारी शुरू है। मंदिरों को इस दौरान फूलों और झालरों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। वहीं इस बीच मंदिरों में सुंदर सुंदर झाकियां सजाने की तैयारी अपने चरम पर हैं। कहना गलत न होगा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को प्रमुख त्यौहारों की शुरूआत माना जाता है जो कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहते हैं। ऐसे में कोरोना महामारी से उभरे जनपद में अब कोरोनामुक्त होने पर व्यापारियों को उम्मीद है कि जनपद कोरोना की छाया से निकलकर त्यौहारी सीजन शुरू होने पर सभी तरह के कारोबार को गति मिलेगी और आने वाले त्यौहारों में नई उम्मीदों के साथ कारोबारी सीजन में भी बढ़ोतरी होगी।

# रामलला के दरबार में हाजिरी लगायेंगे राष्ट्रपति कोविंद

अयोध्या, 28 अगस्त ( वार्ता )। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन करके मत्था टेकेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक श्री कोविंद रविवार सुबह विशेष ट्रेन से अयोध्या आयेंगे और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन करके मत्था भी टेकेंगे। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये हैं। जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से सुरक्षा की निगरानी की जायेगी। रामलला के दर्शन-पूजन के साथ राष्ट्रपति रामायण कॉन्क्लेव का शुभारंभ भी करेंगे। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी अगवानी करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का अयोध्या आगमन को लेकर अयोध्या रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था तथा व्यवस्थाओं को लेकर मंडलीय रेल प्रबंधक ने भी बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया है। राष्ट्रपति लखनऊ से अयोध्या प्रेसीडेंसियल ट्रेन से आयेंगे और यहां वे चार घंटे के निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के उपरान्त लखनऊ उसी ट्रेन से वापस जायेंगे। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए मंडल के रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे डीआरएम अपने रेल अधिकारियों की पूरी टीम के साथ अयोध्या रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। अयोध्या के जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय अपनी पूरी प्रशासनिक टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। जिला प्रशासन व रेल प्रशासन के अफसरों ने संयुक्त रूप से स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के हर पहलू पर मंथन किया। इसके उपरान्त अतिथि कक्ष में संयुक्त बैठक कर एक-एक विषय से सम्बन्धित योजना का प्रारूप तैयार किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. वैभव शर्मा, रेलवे के एडीआरएम वी.के. पांडेय, एडीआरएम अश्वनी श्रीवास्तव, सीनियर डीओएम कृष्णकान्त अरोरा, डीसीएम आशीष सिंह सहित कई रेलवे अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अयोध्या रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राष्ट्रपति की अगवानी करने की संभावनाओं पर अधिकारियों ने मंथन किया।



# भारतीय बल्लेबाजों का समर्पण, पारी से मिली हार

लीड्स, 28 अगस्त ( वार्ता )। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के सामने चौथे दिन सुबह के सत्र में अपने घुटने तक दिए और उसे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को पारी और 76 रन से हार का सामना करना पड़ा और इंग्लैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। भारत ने लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में 151 रन की जीत में जो जज्बा दिखाया था वह लीड्स में नदारद रहे। भारतीय कप्तान विराट कोहली का तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उल्टा पड़ा और भारतीय टीम पहले दिन 41 ओवर के अंदर 78 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 432 रन बनाकर 354 रन की रिकॉर्ड बढ़त हासिल की। भारत ने मैच के तीसरे दिन संघर्ष करते हुए दो विकेट पर 215 रन बनाये थे और लग रहा था कि वे चौथे दिन संघर्ष लम्बा खीचेंगे लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी नयी गेंद के साथ भारतीय बल्लेबाजों पर कहर बरपा दिया और भारतीय टीम 278 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड की तरफ से ओली रॉबिन्सन ने 26 ओवर में 65 रन देकर सबसे ज्यादा पांच विकेट हासिल किये। उन्होंने सीरीज में दूसरी बार पारी में पांच विकेट निकाले। क्रैग ओवर्टन ने 47 रन पर तीन विकेट लिए जबकी जेम्स एंडरसन और ऑफ स्पिनर मोईन अली को एक-एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में 54 मिनट में 63 रन देकर आठ विकेट निकाले। इंग्लैंड ने चौथे दिन सुबह दूसरी नयी गेंद ली और रॉबिन्सन ने पुजारा को पगबाधा कर दिया। पुजारा अपने स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर सके और 189 गेंदों में 15 चौकों की मदद से 91 रन बनाकर आउट हो गए। पुजारा ने अंदर आती गेंद पर कोई शॉट नहीं खेलने का प्रयास किया और बॉल हवा में उठा दिया। गेंद उनके पैड से लगकर गयी और अपील पर अम्पायर ने नॉट आउट कहा लेकिन इंग्लैंड ने डीआरएस का सहारा लिया और अम्पायर को अपना फैसला बदलना पड़ा और पुजारा आउट करार दिए गए। विराट ने उपकप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ चौथे विकेट के लिए 22 रन जोड़े। विराट को एंडरसन की गेंद पर अम्पायर ने आउट दिया था लेकिन रहाणे के कहने पर विराट ने डीआरएस लिया और विराट नॉट आउट रहे। लेकिन वह इस जीवनदान का ज्यादा फायदा नहीं उठा पाएऔर रॉबिन्सन की गेंद पर पहली स्लिप में कप्तान जो रुट के हाथों लपके गए। विराट ने 125 गेंदों पर आठ चौकों के सहारे 55 रन बनाये। विराट का विकेट 237 के स्कोर पर गिरा और उनके आउट होने के साथ ही भारत की मैच बचाने की उम्मीदें टूट गयीं। विराट के आउट होने के दो रन बाद ही रहाणे को एंडरसन की गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर ने लपक लिया। रहाणे ने 25 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 10 रन बनाये। ऋषभ पंत की खराब फॉर्म इस मैच में भी बरकरार रही और वह सात गेंदों में मात्र एक रन बनाकर रॉबिन्सन की गेंद पर स्लिप में ओवर्टन के हाथों लपके गए। मोहम्मद शमी के आने पर रुट ने ऑफ स्पिनर मोईन अली को आक्रमण पर लगाया और मोईन ने बेहतरीन टर्नर पर शमी को बोल्ड कर दिया। शमी ने आठ गेंदों पर छह रन बनाये जबकि इशांत शर्मा को रॉबिन्सन ने बटलर के हाथों कैच करा दिया। इशांत ने पांच गेंदों पर दो रन बनाये। रवींद्र जडेजा 25 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर ओवर्टन का शिकार बने। ओवर्टन ने मोहम्मद सिराज को खाता खोलने का मौका दिए बिना जानी बेयरस्टो के हाथों स्लिप में कैच कराकर भारत की पारी 278 रन पर समेट दी। भारत का आखिरी विकेट गिरते ही इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने एक दूसरे को गले लगाते हुए ख़ुशी का इजहार किया।

**हॉल किराये हेतु उपलब्ध है**

**एक हॉल (ग्राउण्ड फ्लोर)**
**(1800 sq.ft. '80×22.5')**
**का बैंक/एम.एन.सी. ऑफिस, रेस्टोरेंट, नर्सिंग होम, शोरुम इत्यादि के लिए किराये पर उपलब्ध है।**
**पता : 47-ए, निकट नंदी स्वीट्स, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर**

-: सम्पर्क करें :-
**9045560074**
**8586985595**

# रालोद ने घेरी तहसील, किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी के आह्वान पर बढ़ती महंगाई व किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन की कड़ी में कार्यकर्ताओं ने जिले की चारों तहीसलों में 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रालोद कार्यकर्ताओं ने इन सरकारों के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करते हुए बढ़ती महंगाई के खिलाफ भैंसा बुग्गी पर मोटर साइकिल व सिर पर गैस सिलेंडर लेकर तहसीलों का रुख किया तो वहीं महिला विंग की कार्यकत्रियों ने भी हाथों में मटके व गैस सिलेण्डर लेकर विरोध जताया। बाद में रालोद कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। शनिवार को रालोद जिला अध्यक्ष प्रभात तोमर ने के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर की तहसील पर रालोद कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में रालोद कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि किसानों के बकाया गन्ना भुगतान ब्याज समेत कराए जाने तक सभी तरह की किसानों की देनदारियों पर रोक लगाने, आगामी सीजन के शुरू होने के चलते राज्य सरकार द्वारा लाभकारी मूल्य घोषित किया जाने, किसानों को अपना गन्ना किसी भी मिल पर डालने की छूट और गन्ने की ढुलाई का भाड़ा खत्म किए जाने की मांग की। वहीं किसानों के बिजली बिल में कमी, ट्यूबवेल बिलों की माफी, डीजल पर सब्सिडी और किसानों को खाद व कृषि यंत्रों पर सब्सिडी व आवारा पशुओं से किसानों की फसल को बचाने के लिए प्रबंध किए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर ने बताया कि अगर सरकार ने किसानों की मांगें नहीं मानी, तो वें वोट का अधिकार के बीच विधानसभा चुनाव में किसान विरोधी भाजपा सरकार का तख्तापलट कर देंगे और संयुक्त गठबंधन की सरकार यूपी के अंदर बनेगी। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक नवाजिश आलम खां, अजित राठी, ब्रज वीर सिंह, सोमपाल बालियान, कृष्णपाल राठी, संजय राठी, नकुल अहलावत, कैप्टन ज्ञानेंद्र, डॉ. अमित ठाकरान, हंसराज जावला, विपुल राठी, पराग चौधरी, अंकित सहरावत, सुधीर भारतीय समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदेश में भाजपा का परचम लहराएगा : गौरव त्यागी



मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी ने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरी है और भरपूर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहां की विपक्षी पार्टी तो सरकार के कामों की कभी प्रशंसा ही नहीं करती, लेकिन देश की जनता दोनों सरकारों की जमकर प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि २०२२ में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का परचम लहराएगा और फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। श्री त्यागी ने कहा कि शाहपुर ब्लॉक में भी भरतपुर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अरविंद त्यागी के ब्लॉक प्रमुख बनने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है और शाहपुर क्षेत्र के गांवों में भाजपा का परचम लहराएगा। प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। गौरव त्यागी ने कहा कि कोरोना वैक्सीन का टीका हमें अवश्य लगवाना चाहिए।



# 3463 को लगा कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। कोरोना संक्रमण के देश में बढ़ते ग्राफ के बीच जनपद में भले ही वर्तमान में कोरोना संक्रमण का कोई केस एक्टिव न हो, लेकिन जनपद में हो रही तमाम लापरवाही के बीच जिले में कब कोरोना बम फूट जाए, कहना मुश्किल होगा। स्वास्थ्य विभाग के सुरक्षा कवच को ओर अधिक मजबूत किए जाने की दिशा में शुरू प्रयासों के बीच में आज 3463 लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। इस बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 604 लोगों ने अपना वैक्सीनेशन कराया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि शनिवार को जनपद में कोई कोरोना पॉजिटिव मरीज की जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई, जबकि इस बीच कोरोना का कोई नया केस भी जनपद में नहीं मिला। उधर, जनपद में शनिवार को 3463 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को टीकाकरण केंद्रों पर जनपद में जारी अभियान के बीच 2859 लोगों को टीकाकरण किया गया जिनमें से कुल 1828 लोगों को प्रथम डोज तथा 1031 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में इस बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 604 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया। जिले में वर्तमान में कोई एक्टिव मरीज शेष नहीं है, जबकि जनपद में अब तक 30,648 लोगों में पाए गए संक्रमित मरीजों में से 30,379 लोगों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। जनपद में 269 लोगों की मौत हो चुकी है।

**जिला महिला हितकारी परिषद (रजि.) मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)**

**प्रवेश सूचना**

औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ। समाज कल्याण विभाग उ.प्र. द्वारा संचालित जिला महिला हितकारी परिषद (रजि.), निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर बुलेटिन प्रेस वाली गली में महिलाओं एवं लड़कियों के प्रवेश चल रहे हैं। ***संस्था में सिलाई, हाथ व मशीन की कढ़ाई एवं सलमा-बादला विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है।***

आठवीं पास के लिए दो वर्ष में, दसवीं पास (गृह विज्ञान सहित) के लिए एक वर्ष में, टेलरिंग एण्ड एलाइड क्राफ्ट कोर्स का दो वर्षीय राजकीय डिप्लोमा प्राप्त करें। यह डिप्लोमा राजाज्ञानुसार भर्ती हेतु मान्य है।

**प्रबन्धक**
मोबाइल : 9084140966, 9719776092

# शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने किया सरकारी स्कूलों का निरीक्षण



२शाहपुर, २८ अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव गोयला में ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने गांव के प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूलों के खुलने पर जरूरी व्यवस्थाओ को पूरा करने के निर्देश दिए। शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी व बीडीओ जसवीर सिंह तेवतिया ने क्षेत्र के गांव गोयला में पहुंचकर वहां प्राथमिक विद्यालयों व जूनियर हाई स्कूल, पशु चिकित्सालय व स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए। एक सितंबर से खुलने वाले स्कूलों में आने वाले बच्चों के लिए कोरोना प्रोटोकॉल की व्यवस्था बनाने हेतु सैनिटाइजर, मास्क व उचित दूरी बनाकर पढ़ाई करने हेतु व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि कोरोना के कारण लगभग डेढ़ वर्षो से बंद प्राथमिक विद्यालयों के खुलने के बाद छात्रों के बैठने व साफ-सफाई रखने के अलावा अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। बीडीओ जसवीर सिंह ने बताया कि स्कूलों के अलावा पशु चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। यंहा सभी खामियों को दूर करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधा दी जा सके। इस दौरान ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह, सचिव अश्वनी कुमार, अमित त्यागी प्रधान, सुक्रमपाल पहलवान आदि मौजूद रहे।

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका

**फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों**

किसी भी बोर्ड ***(U.P. Board, NIOS, CBSE Board)*** के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।

***दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।***

किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी

वर्ष बचायें **सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ** वर्ष बचायें

के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।

**COURSE OFFERED**

**B.A. B.Sc. B.Com. M.A.**
**M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.**
**M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA**

अधिकृत अध्ययन केन्द्र
**अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर ऐजुकेशन**
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर

**विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें**

**NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें**

Phone No. : 0131-2615405, 2433717, M. 9837640120, 9837108280

# माउन्ट लिट्रा जी स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी पर्व



मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। आज लिंक रोड़ स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को अत्यंत मनमोहक ढंग से सुसज्जित किया गया। नन्हें-नन्हें छात्रों ने श्रीकृष्ण, राधा, बलराम व सुदामा की पोशाक पहनकर रंगारंग झांकियाँ प्रस्तुत की। इन नन्हें बच्चों द्वारा ऑनलाइन नृत्य, गीत, श्लोक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की ऐसी मनोहर प्रस्तुति देकर सभी का हृदय गदगद हो गया। विद्यालय निर्देशिका चारू भारद्वाज ने छात्रों को बताया कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता दुनिया के लिए एक मिसाल है। हमें भी समाज में, परिवार में और देश में मित्रता की भावना को विकसित करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. पियूष गुप्ता ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहा कि हम सभी को श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर निष्काम भाव से अपना कर्म करना चाहिए।

## रेलवे ने पेश की, 8 फीसदी सस्ते किराये वाली एसी 3 इकॉनोमी श्रेणी

नयी दिल्ली, 28 अगस्त ( वार्ता )। भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के यात्रियों के लिए एक नयी श्रेणी वातानुकूलित 3 टियर इकॉनोमी ( एसी 3 इकॉनोमी ) को आज औपचारिक रूप से शुरू करने की घोषणा की, जिसके किराये की दरें वातानुकूलित 3 टियर कोच के किराये से करीब आठ प्रतिशत सस्ती रखी गईं हैं। रेलवे बोर्ड के एक वाणिज्यिक परिपत्र में यह जानकारी दी गई। परिपत्र के अनुसार एसी 3 इकॉनोमी के मूल किराये की दर स्लीपर श्रेणी के मूल किराये से 2.4 गुना होगी, जो एसी 3 के किराये से 8 प्रतिशत सस्ती है। परिपत्र के अनुसार सभी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में एसी 3 इकॉनोमी के कोच लगाये जायेंगे।

# थाना प्रभारी के माफी मांगने पर धरना समाप्त

मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुरकाजी थाना अध्यक्ष द्वारा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के साथ हुई अभद्रता को लेकर पुरकाजी थाने में अनिश्चितकालीन धरना दिया और थानाध्यक्ष को निलंबित करने की मांग की। इस दौरान मोर्चा नेताओं ने बताया कि एक मामले में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति थाना गए थे, जिसमें थाना प्रभारी ने उनसे अभद्रता की थी। इस मामले में दोनों पक्ष मे फैसला हो गया था। उसके बाद थानाध्यक्ष ने फैसला मानने से मना कर दिया था। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष भड़क गए थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया था व मोर्चा अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था, जिसको लेकर अति पिछड़ा समाज में पुलिस की कार्यशैली से रोष फैल गया था, जिसको लेकर मोर्चा अध्यक्ष के पक्ष में धरना प्रदर्शन शुरू हो गया था। वहीं थाना प्रभारी ने धरने पर पहुँच कर अपनी गलती स्वीकार कर खेद व्यक्त किया व गलती मानी। वही सुरक्षा के मद्देनजर धरने पर भारी पुलिस बल तैनात रहा ओर धरना समाप्त किया गया। इस दौरान सोनू प्रधान, सुरेंद्र पाल, वरिष्ठ नेता देशपाल पांचाल, युवा नेता अमित धीमान, शिवकुमार मंडला, वरिष्ठ नेता विजय गौतम, संजय प्रजापति, शंकर प्रजापति, शुभम, वरिष्ठ नेता टीकम, मनीष, सत्यप्रकाश, दिनेश, सोनू निर्माणा, दिनेश गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## फैक्ट्री पर गए दो युवक गायब

भोपा , 28 अगस्त ( बु. )। फैक्ट्री गए दो युवक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने अनहोनी होने की आशंका जताई है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर लापता युवको को ढूंढ़ने की गुहार लगाई। भोपा थाने के गाँव मोरना निवासी रणबीर ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरा बेटा शुभम व शुभम पुत्र महेश भोपा मुजफ्फरनगर मार्ग पर फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। यह दोनों विगत् शुक्रवार की देर शाम पड़ौसी की बाइक मांगकर फैक्ट्री जाने की बात कहकर घर से निकल गए थे। सुबह न आने पर फोन से सम्पर्क किया गया, तो दोनों का मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहा है। आसपास रिश्तेदारी में छानबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। भोपा थाना प्रभारी दीपक चतुर्वेदी को लापता बच्चों को ढूंढने के लिये तहरीर देकर गुहार लगाई है।

## जलियावाला बाग के शहीदों को कभी नहीं भूल सकता देशः मोदी

नयी दिल्ली 28 अगस्त ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि देश जलियांवाला बाग के शहीदों को कभी नहीं भूल सकता। जलियांवाला बाग स्मारक के नवनिर्मित परिसर को आज शाम राष्ट्र को समर्पित करने से पहले श्री मोदी ने कहा कि देश इन शहीदों को कभी नहीं भूलेगा। प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक ट्वीट संदेश में कहा, ''आज शाम 6 बज कर 25 मिनट पर लोगों के लिए एक रुचिकर कार्यक्रम होगा। जलियांवाला बाग स्मारक का नवनिर्मित परिसर राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। भारत जलियांवाला बाग के शहीदों को कभी नहीं भुलाएगा।''

## मैडिकल स्टोर मालिक से दो लाख की लूट से मचा हड़कम्प

खतौली, २८ अगस्त (बु.)। बीती देररात्रि बाईक द्वारा मन्सूरपुर से वापस गांव लौट रहे मैडिकल स्टोर मालिक से अज्ञात बदमाशों द्वारा दो लाख रुपये की नगदी लूटने की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी निवासी दीपक अहलावत मंसूरपुर में मैडिकल स्टोर करता है। बताया जाता है कि बीती देर रात्रि दीपक अपना मैडिकल स्टोर बंद करके बाईक द्वारा मंसूरपुर से अपना गांव भैंसी आ रहा था। बताया जाता है कि जब बाईक सवार दीपक गांव के निकट पहुंचा, तो इसी दौरान सड़क किनारे स्थित एक ईख के खेत से निकले चार–पांच अज्ञात बदमाशों ने हथियारों के बल पर दीपक को रोककर उससे लूटपाट शुरू कर दी तथा बदमाश मैडिकल स्टोर मालिक दीपक की जेब से दो लाख रुपये की नगदी लूट कर शोर मचाने पर गोली मारने की चेतावनी देते हुए फरार हो गये। लूट की घटना के पश्चात अपने घर पहुंचे दीपक द्वारा परिजनों को लूट की घटना की जानकारी दी। जिस पर परिजनों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। क्षेत्र में लूट की वारदात की सूचना से कोतवाली पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन–फानन में मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़ित दीपक से घटना के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए बदमाशों की घण्टों खोजबीन की गयी, परन्तु पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित दीपक द्वारा कोतवाली में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया गया है।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी व हड़ताल के चलते नगर में लगा कूड़े का ढेर। फोटो बुलेटिन

# छात्र–छात्राओं के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया




मुजफ्फरनगर, २८ अगस्त (बुस.)। जागरूक अभिभावक मंच समिति रजिस्टर्ड द्वारा मुजफ्फरनगर में सेमिनार शिक्षा पर कोरोना का प्रभाव एवं गुरुजनों व मेधावी छात्र–छात्राओं के अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया, जिसमें स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, रविकांत गर्ग विधायक दिनेश गोयल, राहुल गोयल, अंकित बिंदल राजीव गर्ग, अनुभव सिंघल, सुधीर खटीक, बीना शर्मा, जोगिंदर गोयल मंच पर आसीन रहे। गुरुजनों में गिरवर सिंह, डॉ. टी.एन. अग्रवाल, आनंद स्वरूप शब्बीर हसन, नेमचंद गुप्ता शशी गोयल, नीरज सिंघल सावित्री शर्मा, पूनम जैन कुलदीप मोहन, भूदेव सिंह राजेंद्र सिंघल, अरविंद, रवि दत्त धीमान, उमेश, रामस्वरूप कांता प्रसाद, मासूम अली त्यागी, श्यामलाल स्वामी जयपाल सैनी का सम्मान किया गया। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन किया जाना चाहिए, जिसके लिए जागरूक अभिभावक मंच समिति रजिस्टर्ड का उनके द्वारा धन्यवाद एवं अभिनंदन किया गया। आयोजन में अध्यक्ष राहुल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश्वर त्यागी, स्वागत श्रवण गुप्ता, महिला कार्यकारी अध्यक्ष बीना शर्मा, उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही, वरिष्ठ सचिव आजम शम्सी, राजकुमार सिद्धार्थ, प्रमोद टांक, पवन बंसल, सुरेश कुमार गोयल राजेंद्र सिंघल, राकेश शर्मा ललित अग्रवाल, यशवीर सिंह रजत गोयल, मास्टर नजर खान, मुकेश धीमान, ठाकुर कुंवर पाल सिंह, नेमचंद, अभिनव अग्रवाल, अमित गुप्ता, मोहम्मद इरफान अब्बास, नवीन गुप्ता, सतीश कुमार आदि ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

# नहीं उठा डलावघरों से कूड़ा, सफाईकर्मियों ने रोके वाहन

### ❑जन्माष्टमी पर सड़कों से गली मौहल्लों तक लगे गंदगी के ढ़ेर
### ❑पालिका का धरना समाप्त, अब होगी काम बंद हड़ताल

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। नगरीय क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को डीएम द्वारा किये प्रयासों को शनिवार को सफाई कर्मचारियों के विरोध के बीच में जारी धरने से तगड़ा झटका लगा। पालिका में बीते कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे सफाईकर्मियों ने पालिका के कूड़ा वाहनों को रोक, शक्ति प्रदर्शन किया तो डलावघरों पर कूड़े के ढ़ेर लग गए और पालिका क्षेत्र में मुख्य सड़कों से अधिकांश गली–मौहल्लों में गंदगी फैली रही। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन धरने को समाप्त करते हुए अब आंदोलन को नए रूप में लड़ने का ऐलान करते हुए मोर्चा खोल दिया। इस बीच सफाई कर्मचारी संघ ने मांग पूरी होने तक डलावघरों से कूड़ा निस्तारण न करने की चेतावनी दी।

सफाई कर्मचारी संघ की ओर से पालिका के सफाईकर्मियों की समस्याओं व 250 कर्मचारियों की भर्ती के लिए 18 अगस्त को पालिका चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। इसके बाद 20 अगस्त से संघ के आह्वान पर कर्मचारियों ने पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया था। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चमनलाल ढिंगान ने बताया कि अपनी मांगों के समाधान के लिए कर्मचारी बीते 9 दिन से धरनारत हैं। इस दौरान पालिका प्रशासन का रवैया रूखा और नकारात्मक रहा, जिस कारण कर्मचारियों के द्वारा धरना–प्रदर्शन के साथ कूड़ा वाहन रोक कर आंदोलन को गति दी है। उन्होंने कहा कि आज सभी कूड़ा वाहनों को रोका गया और शहर के डलावघरों से कूड़ा निस्तारण नहीं किया। उन्होंने कहा कि सभासदों के साथ व्यापारियों ने उनकी मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि अगर मांग पूर्ण नहीं हुई तो सफाई कर्मचारी संघ को मजबूर होकर काम बंद हड़ताल के लिए भी बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पालिका की होगी। उन्होंने बताया कि आज से बेमियादी धरने को समाप्त कर दिया है। इस दौरान महामंत्री अरविन्द सोनू मचल, देवी प्रसाद, अर्जुन सिंह, भूषण लाल, आशीष, सुरेन्द्र कुमार, सोमपाल, जितेंद्र सफाई नायक, नीरज कुमार, बिल्लू, राकेश ढिंगान, दीपक पारचा, मिलन सिंह बिड़ला, धर्मेन्द्र मचल, विशाल, दीपक, संजय भारती, प्रवीण, राजेन्द्र, नीरज उटवाल, सोनू कुमार एड, दीपक भारती, रमाकान्त समेत अन्य दर्जनों सफाईकर्मी मौजूद रहे।

## सर्वसमाज की भीड़ ने साबित किया कि जागरूक अभिभावक मंच निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है

मुजफरनगर, २८ अगस्त (बु.)। जागरूक अभिभावक मंच द्वारा शनिवार को सेमिनार के माध्यम से सर्वसमाज के लोगों को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि जागरूक अभिभावक मंच के अध्यक्ष राहुल गोयल द्वारा सर्वसमाज का ध्यान रखते हुए उनके सम्मानित लोगों का सम्मान तो किया ही गया, साथ ही साथ कार्यक्रम में उद्बोधन करने वाले राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, एम.एल.सी. दिनेश गोयल ने अपने वक्तव्य पेश करते हुए अभिभावकों को छात्र–छात्राओं को और अधिक गुणवान बनाने पर जोर दिया। बैंकट हॉल में खचाखच भरी भीड़ से भी विशिष्ट अतिथि प्रभावित दिखाई दिये, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता का पूरा श्रेय जागरूक अभिभावक मंच की पूरी कमैटी को दिया। उन्होंने कहा कि आमजन के हित में जागरूक मंच शुरू से ही सराहनीय कार्य करता रहा है, मगर आज सर्वसमाज की भीड़ देखकर जागरूक मंच के द्वारा किये गये कार्यों का अहसास अपने आप होता दिखाई पड़ रहा है। अतिथियों का कहना था कि जब कोई संस्था समाज हित में कोई अहम कार्य करती है, तभी इतनी भारी भीड़ उनके कार्यों की सराहना करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित होती है, अन्यथा कमैटी तो ना जाने कितनी बनती है, लेकिन वे सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह जाती है, मगर जागरूक अभिभावक मंच के कार्यक्रम की भीड़ देखकर साबित हो गया कि वास्तव में किसी एक समाज के लिए नहीं अपितु सर्वसमाज के लिए निस्वार्थ भाव से उक्त मंच कार्य करता दिखाई पड़ रहा है।

## भाविना पटेल ने रचा नया इतिहास

टोक्यो, 28 अगस्त ( वार्ता ) भाविनाबेन पटेल ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। भाविना टोक्यो पैरालम्पिक्स की टेबल टेनिस स्पर्धा के फ़ाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं और इसके साथ ही उन्होंने देश के लिए इन खेलों में कम से कम रजत पदक सुनिश्चित कर दिया है। भाविना ने अपनी चीनी प्रतिद्वंद्वी मियाओ झांग को क्लास 4 सेमीफाइनल में 3-2 से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने विश्व की नंबर तीन खिलाड़ी को चौंकाते हुए यह सेमीफाइनल मैच 34 मिनट में 7-11, 11-7, 11-4, 9-11, 11-8 से जीता। भाविना ने पहला गेम हारने के बाद अगले दो गेम जीतकर 2-1 की बढ़त बनायी। चीनी खिलाड़ी ने चौथा गेम जीतकर मैच में 2-2 से बराबरी कर ली लेकिन भाविना ने पांचवें गेम में चीनी खिलाड़ी को फिर कोई मौका नहीं दिया और 34 वर्षीया भाविना ने 11-8 से निर्णायक गेम जीतकर स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बना ली। भाविना का स्वर्ण पदक के लिए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी चीन की यिंग झोउ से रविवार को मुकाबला होगा।

# क्रेटा व आई टेन की भिड़ंत में एक की दर्दनाक मौत

बुढ़ाना, 28 अगस्त ( बु. ) आज शनिवार की देर रात मेरठ वाया करनाल हाइवे पर दो कारों की जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें एक कार चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की देर रात लगभग दस बजे एक क्रेटा कार संख्या यूपी 11 बीडब्ल्यू 5269 मेरठ से फुगाना थाना क्षेत्र के गांव करोदा महाजन जा रही थी। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा कुटी से आगे आई तो विपरीत दिशा से आ रही रेड कलर की आई टेन की भिड़ंत हो गई। जिसमें आई टेन कार के परखच्चे उड़ गए। जिसमें आई टेन कार चालक की मौके पर मौत हो गई। आते जाते राहगीरों की सूचना पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दल बल सहित मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो मृतक नितिन मलिक पुत्र इंद्रपाल निवासी करोदा महाजन थाना फुगाना निकला। पुलिस ने मोबाइल के आधार पर मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार के बुरी तरह से परखच्चे उड़ गये।



## ट्रक की टक्कर लगने से बाईक सवार वाइस मैनेजर की मौत

शामली, 28 अगस्त ( बु. )। शहर के कैराना रोड पर ट्रक द्वारा बाईक में टक्कर मार दिए जाने से मारूति एजेंसी पर कार्यरत वाईस मैनेजर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर के मौहल्ला पंजाबी कालोनी निवासी 30 वर्षीय तरूण जुनेजा पुत्र कश्मीरी लाल कैराना रोड स्थित मारूति एजेंसी पर वाईस मैनेजर की पोस्ट पर कार्यरत है। शनिवार की दोपहर जब बाईक से खाना खाने के लिए घर आ रहा था तभी गुलजारी वाले मंदिर के निकट विपरीत दिशा से आये ट्रक के चालक ने बाईक में टक्कर मार दी, जिससे कुचले जाने पर तरुण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर कोतवाली पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे और किसी आस में तरूण को राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने तरुण को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के दोषी चालक व ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अमेरिका की जवाबी कार्रवाई में काबुल हमले का षड़यंत्रकारी मारा गया

काबुल 28 अगस्त ( वार्ता ) अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में शनिवार को इस्लामिक स्टेट-खोरासन ( आईएस-के ) के खिलाफ अमेरिका के जवाबी हमले में आतंकवादी समूह का एक सरगना मारा गया जिसे काबुल हमले का षडयंत्रकारी बताया गया है। अमेरिकन सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन बिल अर्बन ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी सैन्य बलों ने आज आईएस-के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में मानव रहित हवाई हमले में आतंकवादी समूह का सरगना मारा गया। हमले में किसी भी नागरिक के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

## दंपति ने अपने दोनों बच्चों का गला काटने के बाद खाया जहर, पिता पुत्र की मौत

भोपाल, 28 अगस्त ( वार्ता ) मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र में कथित रुप से आर्थिक तंगी के चलते आज एक दंपति ने अपने दो बच्चों का कटर से गला काटने के बाद स्वयं भी जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। इस घटनाक्रम में पिता और पुत्र की मौत हो गयी, जबकि मां-बेटी की हालत नाजुक है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पेशे से सिविल इंजीनियर रवि ठाकरे ( 56 ) अपने परिवार के साथ मल्टी सहारा इस्टेट में रहते थे। तड़के जब बच्चे सो रहे थे, तभी रवि ने अपनी पत्नी रंजना ( 50 ) के साथ मिलकर टाइल्स काटने वाले कटर से बेटे चिराग ( 16 ) का गला काट दिया और इसके बाद वह बेटी गुंजन ( 14 ) का गला काट रहे थे, तभी कटर मशीन बंद हो गयी। इसके बाद दोनों ने स्वयं भी जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।

## अमेरिका ने आतंकवादी हमले की दी चेतावनी

वाशिंगटन 28 अगस्त ( वार्ता ) अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी की समयसीमा 31 अगस्त से पहले एक और आतंकवादी हमले की चेतावनी दी है वहीं 500 अमेरिकी नागरिक वापस लौटने के लिए प्रतीक्षारत हैं। अमेरिकी प्रशासन ने कहा है कि अफगानिस्तान से उनके सैनिकों की वापसी के लिए समयसीमा बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने एक बयान में कहा है कि महीना समाप्त होने से पहले काबुल में एक और आतंकी हमला होने की आशंका है। उन्होंने कहा , '' खतरा बरकरार है। हमारे सैनिक अभी भी खतरे में हैं।''

## अमेरिका ने आईएस पर किया हवाई हमला

वाशिंगटन, 28 अगस्त ( वार्ता/स्पूतनिक ) अमेरिका ने पूर्वी अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट-खोरासन आतंकवादी समूह के ठिकाने पर हवाई हमला किया, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया है। अमेरिका सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन बिल अर्बन ने शुक्रवार को कहा, ''अमेरिकी सैन्य बलों ने आईएस के योजनाकार पर आज मानव रहित विमान ( ड्रोन ) से अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में हमला कर लक्ष्य को भेदा गया।'' श्री अर्बन ने यहां जारी बयान में कहा कि अमेरिकी सेना हवाई हमले में किसी भी नागरिक के हताहत होने की जानकारी नहीं है।


कवाल में श्रद्धांजलि देते राज्य मंत्री कपिल अग्रवाल व गणमान्य।

# विभिन्न राजनैतिक लोगों ने दी सचिन और गौरव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जानसठ, २८ अगस्त (बु.)। दंगों में मारे गए ममेरे भाई सचिन व गौरव की आठवीं बरसी बहुत की गमगीन माहौल में मनाई गई। भाजपा नेताओं ने मलिकपुरा पहुंचकर दोनों भाइयों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान कवाल गांव में पुलिस की व्यवस्था बहुत ही कड़ी रही। २०१३ के दंगों में कवाल गांव में मारे गए सचिन व गौरव की आठवीं बरसी मनाई गई। सबसे पहले वहां पर दोनों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ किया गया, उसके बाद सभी ने वहां पर दोनों भाइयों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा के राज्यमंत्री कपिल देव, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, खतौली व बुढ़ाना के विधायक विक्रम सैनी व उमेश मलिक, केंद्रीय राज्यमंत्री के भाई विवेक बालियान, जानसठ ब्लॉक प्रमुख चौधरी नरेंद्र सिंह, सदर ब्लॉक प्रमुख अमित राठी, रुपेंद्र सैनी समेत कई भाजपा नेता सुबह ही मलिकपुरा पहुंचे और यज्ञ में आहूति दी। उसके बाद सभी ने वहां पर उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर उनकों श्रद्धांजलि दी। बाद में उनकी याद में मौन रखा गया। गौरतलब है कि २०१३ में २७ अगस्त को सचिन व गौरव की उस समय हत्याकर दी गई थी, जब वह अपनी बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने के लिए कवाल गांव पहुंचे थे। वहां पर शाहनवाज नामक युवक से उनका झगड़ा हो गया और बात इतनी बढ़ गई कि उन्होंने पहले शाहनवाज की हत्या कर दी, उसके बाद कवाल गांव के लोगों ने उन दोनों को पीट–पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। बाद में इसी हत्याकांड को लेकर दोनों ओर से पंचायतों का आयोजन किया गया और बाद में सात सितबंर में नंगला मदौड़ के इंटर कालेज के मैदान में हुई महापंचायत के बाद पूरे जिला में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे, जिसमें करीब ६८ लोग मारे गए थे, जबकि करीब पचास हजार लोग बेघर हो गए थे, तभी से गौरव व सचिन की हर साल बरसी मनाई जाती है। इस दौरान कवाल गांव में हर चौराहे पर पुलिस व आरआरएफ के जवान बहुत अधिक संख्या में तैनात किए गए थे। पूर्व प्रमुख विरेंद्र चौधरी, एलडीबी चेयरमैन ब्रिजेश रस्तौगी, जानसठ नगर पंचायत चेयरमैन प्रवेंद्र भडाना, हरेंद्र चौधरी, चंद्र प्रकाश, शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिटटू सिखेड़ा, इकबाल सिंह आदि समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय बल्लेबाजों का समर्पण, पारी से मिली हार, इंग्लैंड ने की बराबरी

लीड्स, 28 अगस्त ( वार्ता ) भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के सामने चौथे दिन सुबह के सत्र में अपने घुटने तक दिए और उसे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को पारी और 76 रन से हार का सामना करना पड़ा और इंग्लैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। भारत ने लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में 151 रन की जीत में जो जज्बा दिखाया था वह लीड्स में नदारद रहे। भारतीय कप्तान विराट कोहली का तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उल्टा पड़ा और भारतीय टीम पहले दिन 41 ओवर के अंदर 78 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 432 रन बनाकर 354 रन की रिकॉर्ड बढ़त हासिल की। भारत ने मैच के तीसरे दिन संघर्ष करते हुए दो विकेट पर 215 रन बनाये थे और लग रहा था कि वे चौथे दिन संघर्ष लम्बा खीचेंगे, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी नयी गेंद के साथ भारतीय बल्लेबाजों पर कहर बरपा दिया और भारतीय टीम 278 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड की तरफ से ओली रॉबिन्सन ने 26 ओवर में 65 रन देकर सबसे ज्यादा पांच विकेट हासिल किये। उन्होंने सीरीज में दूसरी बार पारी में पांच विकेट निकाले। क्रैग ओवर्टन ने 47 रन पर तीन विकेट लिए जबजकी जेम्स एंडरसन और ऑफ स्पिनर मोईन अली को एक-एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में 54 मिनट में 63 रन देकर आठ विकेट निकाले।

## हरियाणा पुलिस के कैराना में पहुंचने की सूचना पर सर्राफा व्यापारियों ने बन्द किए प्रतिष्ठान

कैराना, २८ अगस्त (बु.)। हरियाणा पुलिस के कैराना पहुंचने पर सर्राफा व्यापारियों ने अपने–अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। हरियाणा पुलिस नगर के मौहल्ला कायस्थवाड़ा में पहुंची, लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। उधर कैराना पुलिस ने बताया कि कोतवाली कैराना पर हरियाणा पुलिस की कोई आमद दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि पुलिस के कैराना आने की सूचना मिली है। बताया जाता है कि कैराना में हरियाणा पुलिस द्वारा दबिश अभियान अलग–अलग मामलों को लेकर चला जाता है, लेकिन शनिवार को भी हरियाणा राज्य की सिविल पुलिस के कैराना पहुंचने की सूचना पर सर्राफा मार्केट में हड़कंप मच गया और आनन–फानन में कैराना के सर्राफा व्यापारी अपने–अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर रफूचक्कर हो गए, लेकिन हरियाणा राज्य की सिविल पुलिस बाजार में ना पहुंचकर कैराना के मौहल्ला कायस्थवाड़ा में पहुंची, लेकिन सूत्रों की माने तो पुलिस को वहां भी कोई सफलता नहीं मिली और पुलिस बैरंग लौट गई। हालांकि पुलिस के जाने की सूचना के बाद दोबारा से प्रतिष्ठान व्यापारियों द्वारा खोले गए थे । उधर कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा ने बताया कि हरियाणा पुलिस के आने की सूचना सुनने को मिली है, लेकिन पुलिस द्वारा कोतवाली तो कोई आमद दर्ज नहीं कराई गई है। गौरतलब है कि हरियाणा पुलिस द्वारा कई बार कैराना के कुछ सर्राफा व्यापारियों को हिरासत में लिया गया था। पुलिस द्वारा नगर के बाजारों में पूर्व में भी छापामार अभियान चलाया जा चुका है। कई बार दो बाजार के व्यापारियों के साथ हरियाणा पुलिस की गर्मा–गर्मी भी हो चुकी है।

## इराक-कुवैत सीमा पर अमेरिकी सैन्य अड्डे पर रॉकेट से हमला

बगदाद 28 अगस्त ( वार्ता/स्पुतनिक ) इराक-कुवैत सीमा पर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर रॉकेटों से हमला किया गया, इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, ''अज्ञात आतंकवादियों ने कुवैत सीमा के पास जेरीशान सीमा पार के अमेरिकी सैन्य अड्डे पर तीन रॉकेट दागे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रॉकेट अड्डे पर नहीं गिरे और कोई नुकसान नहीं हुआ है।'' इराक में विदेशी सैन्य ठिकानों पर अक्सर मुख्य रूप से शिया समूह रॉकेट से हमला करता रहता हैं।

## अमेरिका ने अफगानिस्तान में अंतिम सीआईए चौकी को किया नष्ट

वाशिंगटन, 28 अगस्त ( वार्ता/स्पूतनिक )। अमेरिकी बलों ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के हवाई अड्डे के पास सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी ( सीआईए ) की अंतिम शेष चौकी ईगल बेस को नष्ट करने के लिए एक नियंत्रित विस्फोट किया। अंग्रेजी दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से शनिवार को इस आशय की जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इस कार्रवाई का उद्देश्य अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाले तालिबान को उपकरण और बेस में छोड़े गए डेटा का उपयोग नहीं करने देना था। इसमें कहा गया कि नियोजित विस्फोट का काबुल में हवाई अड्डे के आसपास के हमलों से कोई लेना-देना नहीं था। इससे पहले शुक्रवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 'अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ जुड़ने' के लिए कहा ताकि यह पता लगाया जा सके कि अफगानिस्तान में प्रगति की दिशा में कौन से अगले कदम उठाए जा सकते हैं। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि वाशिंगटन अपने सहयोगियों के साथ मध्य एशियाई देश अफगानिस्तान में तालिबान को वैध सरकार के रूप में मान्यता देने की संभावना पर भी विचार कर रहा है।

## बिटावदा गांव में भाकियू का धरना आज तीसरे दिन भी रहा जारी

बुढ़ाना, २८ अगस्त (बु.)। तीसरे दिन भी भारतीय किसान यूनियन का धरना मेरठ वाया करनाल हाइवे पर स्थित गांव बिटावदा में जारी रहा। इस दौरान धरने पर एडीएम एफ आलोक कुमार, एसडीएम बुढ़ाना अजय कुमार अम्बष्ट और बुढ़ाना पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय गौतम दल बल सहित पहुंचे और किसानों से धरना प्रदर्शन समाप्त करने को कहा। तब किसानों ने कहा कि आप खुद जांच कर लो। यहां पर जो फ्लाईओवर बनाया जा रहा है वह सही नहीं बन रहा है। बनने के बाद किसानों को भयंकर समस्याओं से जूझना पड़ेगा। समाचार लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन जारी था और अधिकारी धरनारत किसानों को समझाने का पूरा प्रयास कर रहे थे। इस दौरान धरने पर मुख्य रूप से धीरज लाटियान, संजीव पंवार और अनुज बालियान सहित गांव बिटावदा के सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे। इस धरने में रालोद के कार्यकर्ता भी पहुंचे, जिन्होंने किसानों को अपना समर्थन दिया और कहा कि अगर अधिकारी उक्त मांगों का निराकरण नहीं करते हैं, तो वें कोई बड़ा निर्णय लेने में सक्षम होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। उल्लेखनीय है कि किसान उक्त स्थान पर तीन दिनों से धरने पर है। किसानों के अनुसार गांव से गुजरने वाला फ्लाईओवर सही नहीं बनाया जा रहा है। बाद में देर रात प्रशासनिक अधिकारियों और किसानों में सहमति नहीं बन पाई, तो उन्होंने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने की घोषणा कर अधिकारियों को बैरंग लौटा दिया। इससे पहले प्रशासन ने किसानों से १५ दिन का समय मांगा था, लेकिन किसान उसके लिए तैयार नहीं हुए।

## 175.5 करोड़ की बेनामी संपत्ति का खुलासा हुआ

नयी दिल्ली 28 अगस्त ( वार्ता ) महाराष्ट्र और गोवा स्थित एक समूह के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियान में अब तक कुल 175.5 करोड़ रुपये की बेनामी आय का पता चला है, जिसमें बेनामी नकदी और आभूषण, कम और अधिक स्टॉक और फर्जी खरीद शामिल है। आयकर विभाग ने आज यहां बताया कि पुणे, नासिक, अहमदनगर और गोवा का एक प्रमुख इस्पात निर्माता और व्यापारिक समूह है। इस छापेमारी अभियान में 44 से अधिक परिसरों की तलाशी ली गई। तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान, कई फर्जी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अलावा डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं। तलाशी के दौरान मिले सबूतों से पता चला कि यह समूह विभिन्न 'फर्जी चालान जारीकर्ताओं' से स्क्रैप और स्पंज आयरन की फर्जी खरीद की बुकिंग की धोखाधड़ी में लिप्त था।

# रालोद ने बुढ़ाना तहसील का किया घेराव, राज्यपाल को भिजवाया समस्याओं का पिटारा

बुढ़ाना, २८ अगस्त (बु.)। शनिवार के दिन राष्ट्रीय लोकदल के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर बुढ़ाना तहसील का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बुढ़ाना एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को समस्याओं का पिटारा एक ज्ञापन के माध्यम से लखनऊ भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज रालोद के बैनर तले सैंकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना उप जिलाधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया, जिसकी अध्यक्षता ठाकुर कान सिंह और संचालन रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष बाल किशोर त्यागी ने किया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को जो ज्ञापन भिजवाया गया है, उसमें कहा गया है कि महामहिम हम आपका ध्यान किसानों से संबंधित मांगों की ओर दिलाना चाहते हैं। किसान की फसलों पर लागत बढ़ गई है और मंडियों में लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा। सरकार का किसानों की आय बढ़ाने का चुनावी वादा जुमला बनकर रह गया है। किसानों के पास ना दवाई के लिए पैसे हैं और ना बच्चों की पढ़ाई के लिए पैसे हैं। ६ महीनों से देश के किसान नए कानून का विरोध कर रहे हैं और एमएसपी के अधिकार की माँग कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार का रवैय्या आंदोलन को कुचलने का है, जन सुनवाई का नहीं। इस अहंकारी किसान विरोधी सरकार के व्यवहार से मजबूर होकर राष्ट्रीय लोकदल ने आज २८ अगस्त को किसान क्रांति दिवस के रूप में मनाकर एक संदेश दिया है। इस अवसर पर हम आपसे उम्मीद रखते हैं कि आप उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करें कि किसान हित में सरकार निम्नलिखित मांगे मानकर कृषि में विकास की संभावनाओं को तेज करें। गन्ने का बकाया भुगतान मय ब्याज अविलंब कराया जाए। जब तक किसानों का पूर्ण भुगतान नहीं होता, तब तक सभी तरह की देनदारियों पर रोक लगाई जाए। गन्ने का आगामी सीजन शुरू होने वाला है। किसानों के प्रतिनिधियों से वार्ता करके सरकार द्वारा लाभकारी मूल्य घोषित किया जाए। किसानों को अपना गन्ना जिस मिल पर चाहे डालने की छूट दी जाए, जिस प्रकार पूर्व में दी जाती थी। किसानों को गन्ने की ढुलाई का भाड़ा खत्म किया जाए। किसानों के बिजली के बिल काम किए जाएं व ट्यूबवेल के लिए किसानों को बिजली फ्री दी जाए। किसानों के लिए डीजल पर सब्सिडी दी जाए। किसानों के खाद व अन्य कृषि संबंधित यंत्रों के दाम घटाए जाएं। आवारा पशुओं से किसान की फसल को बचाने के लिए व्यावहारिक प्रबंधन किए जाएँ। सरकारी मंडी के अंदर और निजी व्यापार में भी किसान से जो खरीद होती है, वो एमएसपी पर आधारित हो। इस दौरान धरने पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धर्मवीर सिंह बालियान, गुलाम मौहम्मद जौला, पूर्व विधायक राजपाल सिंह बालियान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक, मनोज प्रधान बिटावदा, सुधीर पूर्व प्रधान बिटावदा, अनुपमा चौधरी, पुरुषोत्तम प्रधान चंधेडी, दीपक राठी, सोमबीर, राजेंद्र राठी, अमित मलिक खरड़, यशपाल मलिक खरड़, लियाकत अली जोगियाखेड़ा, संजय शर्मा सरनावली, मुनीम प्रधान नंगला, योगराज सिंह पूर्व मंत्री और अंकित बालियान आदि लोग उपस्थित रहे।

## 15 लाख रुपये की ठगी का आरोप

मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त ( बु. )। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भरतिया कालोनी निवासी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि वह सत्यम ट्रेडर्स के प्रोपराइटर है। आरोप है कि संजय कुमार निवासी नंगला राई ने अपने एक साथी के साथ जमीन दिलाने के नाम पर उससे पंद्रह लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि उक्त जमीन पर लोन था। उसने उक्त लोगों से रुपये मांगे, तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपित के खिलाफ नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।



## हाइड्रा क्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

भोपा , 28 अगस्त ( बु. )। पैदल गुजर रहे ग्रामीण युवक को हाइड्रा क्रेन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे युवक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भेजा गया। घटना को लेकर ग्रामीणों के पर घंटों जाम लगाकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने हाइड्रा क्रेन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी सोनू पुत्र मोहर सिंह भोपा मुजफ्फरनगर मार्ग पर स्थित मुख्य चौराहे से गुजर रहा था कि अचानक मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही हाइड्रा क्रेन ने उसे चपेट में ले लिया, जिसमे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। युवक को घायल करने तथा वहाँ से गुज़र रही एक स्कूल बस को साइड मारने को लेकर ग्रामीणों ने क्रेन को घेर लिया तथा सैंकड़ों ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा होकर हंगामा काटने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन को कब्जे में लेकर चालक विरेश निवासी बरेली को हिरासत में लिया है। हाइड्रा क्रेन मुज़फ्फरनगर स्थित फैक्ट्री में कार्य समाप्त कर बिजनौर जा रही थी ।